वर्ष 24, अंक 299, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 6 मई 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कटोरा लेकर घूमेगा पाकिस्तान, फिर भी नहीं मिलेगी भीख!

## भारत ने कर लिया इकोनॉमिक स्ट्राइक का इंतजाम

**नई दिल्ली: भारत** की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियन डेवलपमेंट बैंक के अध्यक्ष मसाटो कांडा से मुलाकात की और उनसे पाकिस्तान को दी जाने वाली फंडिंग में कटौती करने की मांग की. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एडीबी के अध्यक्ष से यह मांग 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद उठाई है.

भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार (5 मई) को ईटली के ेमिलान में आयोजित 58वीं एशियन डेवलपमेंट बैंक की वार्षिक बैठक में अऊ्ब अध्यक्ष मसाटो कांडा से मुलाकात की. इसके अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसी मांग को इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोर्जेट्टी से सामने भी उठाई है.

FM ने भारत में आर्थिक विकास को लेकर केंद्र के प्रयासों की भी चर्चा की

वहीं, ADB अध्यक्ष मसाटो कांडा के साथ बैठक के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, भारत प्राइवेट सेक्टर के नेतृत्व वाली इकोनॉमिक ग्रोथ पर फोकस कर रहा है और देश में एक नीतिगत और रेगुलेटरी इकोसिस्टम को तैयार कर रहा है.

भारत के साथ बढ़ते तनाव पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को दे सकते हैं झटका

वहीं, ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार (5 मई) को अपनी एक रिपोर्ट में



कहा कि भारत के साथ बढ़ते तनाव पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को झटका दे सकते हैं और उसकी मौजूदा राजकोषीय सुधार की कोशिशों में समस्या पैदा कर सकते हैं. इसके अलावा यह तनाव पाकिस्तान के एक्टरनल फाइनेंसिंग को भी प्रभावित कर सकते है और पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दबाव डाल सकते हैं, जो अगले कई सालों के ऋण के भुगतान के हिसाब से भी काफी कम हैं.

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ा तनाव

भारत और पाकिस्तान के बीच यह तनाव 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम के बैसरन घाटी में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद बढ़ी है. इस आतंकवादी हमले में 25 भारतीय नागरिकों समेत कुल 26 लोग मारे गए थे।

## '7 मई को कराएं ब्लैक आउट एक्सरसाइज

### हमले के हालात वाली मॉक ड्रिल', गृह मंत्रालय ने कई राज्यों को दिए निर्देश



**नई दिल्ली:** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार (5 अप्रैल 2025) को बड़ा कदम उठाते हुए कई राज्यों को मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए हैं. गृह मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश में कहा गया कि राज्य 7 मई 2025 को प्रभावी तरीके से नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन करेंगे. यह इसलिए किया जा रहा है ताकि किसी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

मॉक ड्रिल के दौरान इन बातों पर जोर दिया जाएगा

हवाई हमले के अलर्ट के वक्त सायरन बजाना.

हमलों के वक्त नागरिक, छात्रों आदि को खुद की सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग देना.

हमले के वक्त ब्लैक आउट करना

महत्वपूर्ण संयंत्रों/स्थापनाओं को हमले के वक्त छिपाना

लोगों से जगह खाली कराना या निकालने की प्लानिंग करना और उसका अभ्यास करना

इससे पहले इस तरह का अभ्यास 1971 में किया गया था, जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था. पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है. ऐसे समय में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश काफी अहम है. पाकिस्तान को इस बात का डर सता रहा है कि भारत कभी भी उसपर हमला कर सकता है. इस डर से पाकिस्तान कभी संयुक्त राष्ट्र तो कभी अमेरिका के सामने गिड़गिड़ा रहा है. भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को देखते हुए।

### पाकिस्तान के खिलाफ होने जा रहा बड़ा एक्शन!

## फाइनल तैयारी के बीच पीएम मोदी ने की रक्षा सचिव के साथ बैठक

**नई दिल्ली**

**पहलगाम** आतंकी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अटकलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात प्रधानमंत्री द्वारा एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है। प्रधानमंत्री ने अब तक सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों से मुलाकात की है, क्योंकि केंद्र सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई करेगी, जिस पर 26 निर्दोष लोगों की जान लेने वाले आतंकी हमले में शामिल होने का संदेह है।



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बैसरन घाटी में हथियारबंद आतंकवादियों द्वारा 25 पर्यटकों और एक कश्मीरी टट्टू चालक की निर्मम हत्या को 12 दिन बीत चुके हैं। इस हमले की क्रूरता ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेतावनी दी है कि आतंकी हमले को अंजाम देने और इसकी साजिश रचने वालों को ऐसी सजा मिलेगी जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करना और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना उनकी जिम्मेदारी है।

रक्षामंत्री सिंह ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और उनकी कार्यशैली, दृढ़ संकल्प और जिस तरह से वह जोखिम उठाते हैं, उससे वे भली-भांति परिचित हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिंह ने कुछ भी स्पष्ट किये बिना कहा, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आप जो चाहते हैं, वह निश्चित रूप से होगा।

सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के सीमापार संबंधों के मद्देनजर पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई पर विचार कर रहा है। उक्त हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

## पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लिए योगी सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**उत्तर प्रदेश: उत्तर** प्रदेश को उन्नत सुविधाओं युक्त उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार द्वारा प्रदेश में एक्सप्रेसवेज को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से युक्त करने प्रक्रिया जा रही है. देश में ह्यएक्सप्रेसवे प्रदेशह्न के तौर पर प्रसिद्ध उत्तर प्रदेश न केवल योगी सरकार के प्रयास से लैंड लॉक स्टेट की छवि को तोड़ रहा है बल्कि आधुनिक तकनीक, उन्नत प्रणाली और उत्तम नागरिक



सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है. इसी कड़ी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर राहगीरों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं देने के लिए ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा.

हाल ही में हुई एक समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा खाका मुख्य सचिव के सामने पेश किया गया था. इसी के आधार पर प्रदेश में इन दोनों एक्सप्रेसवे पर कुल 12 ई-वे हब्स के निर्माण व विकास को पूर्ण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है।

## वक्फ कानून को लेकर आज भी नहीं आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई स्थगित कर दी। इस मामले पर अब 15 मई को सुनवाई होगी, क्योंकि पीठ ने कहा कि उसने इस मुद्दे पर सरकार के हलफनामे की अभी तक पूरी तरह से जांच नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई स्थगित कर दी है। इस मामले पर अब 15 मई को सुनवाई होगी, क्योंकि पीठ ने कहा कि उसने इस मुद्दे पर सरकार के हलफनामे की अभी तक पूरी तरह से जांच नहीं की है।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि आदेश पारित करने से पहले इस मामले की उचित सुनवाई होनी चाहिए। 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे सीजेआई खन्ना ने कहा कि वह कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहते हैं।

आप नेता अमानतुल्लाह खान ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश ने 15 मई को न्यायमूर्ति बीआर गवई के नेतृत्व में एक नई पीठ के गठन का आदेश दिया है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में जापानी समकक्ष जनरल नकातानी का औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया स्वागत

## मथुरा में विदेशी ने एयर गन से 2 दर्जन से ज्यादा बंदरों को उतारा मौत के घाट



**मथुरा**

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा से जानवरों के साथ क्रूरता का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां कथित तौर पर एयर गन से दो दर्जन से अधिक बंदरों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से धार्मिक नगरी में आक्रोश फैल गया है, जहां बंदरों को अक्सर भगवान हनुमान की श्रद्धा से जोड़ा जाता है। यह घटना गोवर्धन क्षेत्र के गोविंद कुंड के पास हुई, जहां दो दर्जन से अधिक बंदरों की हत्या कर दी गई।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक विदेशी नागरिक ने बंदरों को गोली मारने के लिए एयर गन का इस्तेमाल किया। इस घटना से स्थानीय लोग और श्रद्धालु गहरे सदमे में हैं। जब लोगों ने बंदरों के शव देखे, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि विदेशी व्यक्ति कुछ समय से पास के जानकी दास आश्रम में रह रहा था।

वहीं से उसने कथित तौर पर इस क्रूर कृत्य को अंजाम दिया। इंडिया डेली की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने जांच शुरू की और शुरूआती जांच में पता चला कि बंदरों के शरीर पर एयर गन के छर्रे लगे थे, जिससे पुष्टि होती है कि उन्हें गोली मारी गई थी। पुलिस ने विदेशी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस घटना ने मथुरा में दुख और गुस्से का माहौल पैदा कर दिया है, जो धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है।

स्थानीय लोगों में गुस्सा और अविश्वास

हत्याओं ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। स्थानीय लोगों ने इस कृत्य की क्रूरता पर गुस्सा और अविश्वास व्यक्त किया है।

### तलाशी अभियान के दौरान आतंकी ठिकानों से 5 आईईडी बरामद

## पुंछ में सेना को मिली बड़ी सफलता

**पुंछ। पहलगाम** हमले के बाद से सेना, पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने दक्षिण कश्मीर के घने जंगलों और आसपास के इलाकों में चप्पे-चप्पे पर तलाशी शुरू कर दी है। वीडियो सर्विलांस और ड्रोन के जरिए आर्तंकियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में एसओजी को सर्च अभियान के दौरान बड़ी सफलता मिली है।

पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के मरहोट क्षेत्र में रविवार देर रात सुरक्षा बलों, सेना, पुलिस और एसओजी के साझा तलाशी अभियान के दौरान ध्वस्त किए गए आतंकी ठिकानों से पांच आईईडी, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े बरामद हुए हैं। सुरक्षाबलों ने इस सामग्री को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह ठिकाना कब और किस आतंकी संगठन ने तैयार किया था। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षाबलों ने अनंतनाग, कुलगाम, पुलवामा, त्राल, सोपोर, बारामुल्ला, कुपवाड़ा और बांदीपुरा जैसे आठ प्रमुख क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। वहीं, पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को लगातार 11वें दिन जम्मू एवं कश्मीर नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय चौकियों पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की, जिसका भारतीय सैनिकों ने तुरंत और उचित जवाब दिया। रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है, "04-05 मई 2025 की रात के दौरान, पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में



नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की।" मंत्रालय ने बयान में कहा, "भारतीय सेना ने त्वरित एवं उचित जवाब दिया।" 3 और 4 मई की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की।

## उच्च न्यायालय ने गोद लेने की लंबी प्रतीक्षा अवधि का स्वत: संज्ञान लिया, अधिकारियों से जवाब मांगा

**बंबई**

मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की पीठ ने कहा कि मीडिया की एक खबर में बच्चों को गोद लेने की इच्छा रखने वाले दंपतियों की शिकायतों को उजागर करने के बाद उन्हें प्राप्त पत्र के आधार पर एक जनहित याचिका शुरू की गई है।

खबर के अनुसार, भारत में गोद लेने की औसत प्रतीक्षा अवधि तीन साल से अधिक हो गई है।

## यूपी की सभी सरकारी ऑफिस की इमारतें साधारण पेंट से नहीं रंगी जाएंगी

### बल कि इसके लिए गाय के गोबर से बने कुदरती पेंट का इस्तेमाल होगा

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पशुपालन और दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में एक बड़ा फैसला लिया है। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अब यूपी की सभी सरकारी ऑफिस की इमारतें साधारण पेंट से नहीं रंगी जाएंगी बलकि इसके लिए गाय के गोबर से बने कुदरती पेंट का इस्तेमाल होगा।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता है। इन केंद्रों में मौजूद गोबर का बेहतर उपयोग



करते हुए प्राकृतिक पेंट निर्माण को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही, इन केंद्रों में जैविक खाद और अन्य गो-आधारित उत्पादों के निर्माण के लिए भी ठोस रणनीति बनाई जाए। उन्होंने ऐसे पेंट प्लांट्स की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। अधिकारियों के मुताबिक गोबर से तैयार किया गया प्राकृतिक पेंट पूरी तरह से जैविक होता है. यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि दीवारों को एक सुंदर देसी लुक भी देता है. इसमें रसायनों का प्रयोग नहीं होता, जिससे स्वास्थ्य पर भी कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ता. इसे बनाने में भी ऊर्जा की खपत कम होती है और लागत भी पारंपरिक पेंट से कम होती है।

## कानपुर में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की जलकर मौत, मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुख

**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर के चमनगंज स्थित पांच मंजिला इमारत में लगी आग में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत पर दुख जताया है। मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए राहत और बचाव के कार्यों में तेजी लाने और घायलों के समुचित उपचार का प्रशासन को निर्देश भी दिया है। कानपुर के चमनगंज इलाके के गांधी नगर स्थित एक पांच मंजिला इमारत में रविवार रात भीषण आग लग गई थी। इस इमारत में रहने वाले एक परिवार के पांच लोग फंस गए थे, जिनमें पति-पत्नी और उनकी तीन बच्चियां शामिल थीं। 8 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पांचों के झुलसे शव बरामद कर लिए गए। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

इमारत में लगी आग को बुझाने की कोशिशों में दमकल की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियां रात को ही मौके पर पहुंची थीं। सेंट्रल कानपुर के एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर दमकल विभाग, पुलिस और एसडीआरएफ पहुंचा। रात 8 बजे से सुबह साढ़े पांच बजे तक बचाव कार्य चला। पांच लोगों को झुलसी हालत में उसुर्ला अस्पताल की बर्न यूनिट भेजा गया।

मुख्यमंत्री ने इसी घटना का संज्ञान लिया। मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए राहत और बचाव के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# देवरा के टोंस नदी में डूबे दोस्तों का शव 14 घंटे बाद बरामद

## एक साल के भीतर टोंस नदी तट पर आधा दर्जन के करीब हो चुकी है मौत



मृतक हर्षित पाण्डेय की फाइल फोटो



मृतक शिखर शुक्ला की फाइल फोटो



नदी में डूबे युवकों के शवों को ढूढने का प्रयास करती एसडीआरएफ की टीम



शव मिलने के बाद रोते बिलखते मृतकों के परिजन

**अमित पाण्डेय**

**कौंधियारा।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के देवरा गांव के टोंस नदी पटपर में रविवार की शाम को डूबे दो दोस्तों का शव सोमवार की सुबह बरामद कर लिया गया। एसडीआरएफ की टीम ने ग्रामीणों की सहयोग से टोंस नदी के चारों ओर काफी देर शव को ढूढ़ने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब न हो सके। गोताखोर की मदद से शव को नदी के बाहर निकाला गया।

सोमवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा ककराई मेजा के गोताखोर राजेश निषाद को शव को ढूढ़ने के लिए बुलाया गया। गोताखोर राजेश ने पानी की सतह में जाकर दोनों दोस्तों का शव बाहर निकाला। इसके पूर्व घटना वाली रात टोंस नदी के तट पर दोनों मृतकों के पिता शव के इंतजार में रातभर टकटकी लगाए बैठे रहे। सुबह लगभग सात बजे के दरमियान शिखर शुक्ला व लगभग डेढ़ घंटे बाद हर्षित पांडेय का शव गोताखोर ने ढूंढ निकाला। शव बाहर निकलते ही दोनों के पिता बेहोश हो गिर पड़े। इसके पूर्व घटनास्थल पर पूरी रात थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा पुलिस बल के साथ डटे रहे।

शव मिलने के बाद कौंधियारा पुलिस ने शव का पंचनामा कराना चाहा तो मृतकों के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। काफी देर परिजन पोस्टमार्टम न कराने के लिए अड़े रहे। कुलदीप शर्मा ने दोनों परिजनो को समझाबुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन भेज दिया।

बता दें कि सोमवार की शाम देवरा के टोंस नदी में स्नान के दौरान हर्षित पाण्डेय (18) पुत्र सुशील पाण्डेय व शिखर शुक्ला पुत्र सुरेंद्र शुक्ल (17) व तीन अन्य दोस्त ग्राम चंद्रपुर उर्फ बसमहुआ थाना थरवई से अर्टिगा कार से पिकनिक मनाने आए थे। नहाने के दौरान हर्षित पत्थरों के बीच पानी में डूबने लगा। हर्षित को बचाने के प्रयास में शिखर भी डूबने लगा। ग्रामीणों ने बचाने का प्रयास किया, परंतु असफल रहे। ग्रामीणों के मुताबिक पत्थरों के बीच गहराई गहराई 08 से 10 फुट थी। वह गहरे पानी में चला गया। इससे दोनों दोस्तों की मौत हो गयी। हर्षित और शिखर दोनों ही इण्टर के छात्र हैं। दोनों की मौत से हर कोई मर्माहत दिखा।

मृतक के परिजनों ने बताया कि सुबह बारह बजे के दरमियान हर्षित शिखर सहित तीन अन्य साथी घूमने के लिए घर से निकले थे। कौंधियारा पुलिस द्वारा देर शाम सूचना मिलने पर डूबने की जानकारी हुई। डूबने की सूचना पर घर में कोहराम मच गया है।

गौरतलब हो कि देवरा स्थित टोंस नदी में अक्सर पिकनिक मनाने के दौरान लोग तेज बहाव में बहकर काल के गाल में समा जाते हैं। कई घण्टो तक खोजबीन के बाद भी शव का कुछ पता नहीं चलता। ग्रामीणों ने बताया कि एक वर्ष के दरमियान देवरा टोंस नदी में आधा दर्जन से अधिक लोग पानी के बहाव में फसकर मौत को गले लगा चुके हैं।पिछले वर्ष कौंधियारा थाने से एक दो सिपाही और होमगार्ड की तैनाती की गई थी। लेकिन इधर बीच यहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहता।

> ''सुरक्षा के दृष्टि से दो सिपाहियों को टोंस नदी तट पर तैनात किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर अन्य पुलिस कर्मियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण गस्त पर लगाया जाएगा।''
>
> **-थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा**

## नदी में डूबने से मृत दोनों युवकों का शव घर पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

- परिजनों के चितकार से ग्रामीणों की आंख हुई नम
- सांसद प्रवीण पटेल पहुंचकर परिजनों को सांत्वना के साथ बंधाया ढांढस

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** कौंधियारा के पाटलेश्वर घाट पर टॉस नदी में नहाने गए 6 युवक में से दो युवक नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से मौत हो गई। सोमवार को शव घर पहुंचने पर दोनों परिवारों सहित पूरे गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रविवार को थरवई थाना के चंदरपुर उर्फ बसमहुआ गांव निवासी सुरेंद्र शुक्ला का 17 वर्षीय पुत्र शिखर शुक्ला तथा गांव के ही सुशील कुमार पांडे का 16 वर्षीय पुत्र हर्षित पांडे एवं गारापुर सीताऊ का पूरा के ऋषभ कुमार, सहसों के अंमित सिंह, आर्या गुप्ता तथा ललचहां के दीपू भारतीया रविवार को कौंधियारा के समीप पाटलेश्वर घाट पर गए हुए थे। परिजनों ने बताया कि शिखर शुक्ला एवं हर्षित पांडे टॉस नदी में नहाने के लिए उतरे। पैर फिसल जाने के कारण वह दोनो गहरे पानी में चले गए। सूचना पर पहुंची कौंधियारा पुलिस ने गोताखोरों को सूचना दी। रविवार को देर रात तक काफी खोज बीन के बाद भी शव नहीं मिल सका। सोमवार सुबह पुलिस की मदद एवं काफी मशक्कत के बाद गोताखोर ने दोनों शव को खोज निकाला। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पश्चात शव बसमहुआ गांव पहुंचे तो दोनों परिवारों सहित पूरे गांव में कोहराम मच गया।



मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते सांसद प्रवीण पटेल

शिखर शुक्ला शिवाजी इंटरमीडिएट कॉलेज सहसों में 12वीं का छात्र था। वह दो भाई एक बहन में दूसरे नंबर पर था। परिजन ने बताया कि वह अपने बड़े पिताजी को लेकर आज सोमवार को दिल्ली जाने वाला था। मां किरण देवी, भाई विशाल, पिता सुरेंद्र सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं गांव के सुशील कुमार पांडे का 16 वर्षीय पुत्र हर्षित पांडे कक्षा 11 में यूनिक पब्लिक स्कूल में अध्यनरत था। वह अपने माता-पिता की अकेली संतान होने के कारण माता पिता एवं बहन सहित अन्य स्वजन रो रो कर बेहोश हो जा रहे हैं। दोनों किशोर के परिजनों का चितकार सुनकर उपस्थित ग्रामीण सहित अन्य लोगों की आंखों में आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जानकारी होने पर फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल गांव में पहुंचकर युवकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाते शोक प्रकट किया। इस अवसर पर संदीप द्विवेदी, शिवनारायण सिंह गप्पू, देवराज सिंह, रविंद्र सिंह, चिंतामणि शुक्ला, जमुना पांडे, पांडे, विनय पांडे, केडी मिश्रा, नीरज जायसवाल, शेखर त्रिपाठी, रमाकांत मौर्य, मनोज दुबे सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोगो ने पहुंचकर नम आखो से शोक व्यक्त किए।

## खबर का असर : नैनी स्टेशन रोड पर मशीनों द्वारा चोक सीवर की सफाई शुरू, सड़क पर फैला मलवा बन सकता है जानलेवा

### स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों ने भी जताई नाराजगी, दिखा आक्रोश

**राकेश गुप्ता बच्चा**



**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर के बाद नगर निगम व जल संस्थान विभाग के ठेकेदारों ने चोक सीवर चैंबरों की मशीन से सफाई शुरू कर दी है। हालांकि सफाई के दौरान निकाले गए मलवे को सड़क पर ही छोड़ दिया गया है, जिससे राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चैंबरों से निकले मलवे को हटाने की बजाय सड़क पर ही छोड़ दिया गया है। जिससे न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों के साथ साथ राहगीरों ने भी ऐसे लापरवाह ठेकेदार पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यदि जल्द ही इस मलवे को हटाया नहीं गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिसका जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ ठेकेदार होगा। स्थानीय निवासी पत्रकार देवशीष श्रीवास्तव, इकराउल्लाह उर्दू गुड्डू, विकास चौरसिया ने कहा कि नगर निगम की लापरवाही स्पष्ट रूप से सामने है। सफाई सिर्फ दिखावे के लिए हो रही है, जबकि असली समस्या मलवे के निस्तारण को नजरअंदाज किया जा रहा है। अगर समय रहते इसे हटाया नहीं गया तो यह नागरिकों की जान के लिए खतरा बन सकता है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का भी कहना है कि नगर निगम सिर्फ आधा अधूरा काम कर रहा है। सफाई करना जरूरी है, लेकिन निकाले गए मलवे का उचित निस्तारण भी उतना ही आवश्यक है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि निकाले गए मलवे को जल्द से जल्द हटाकर सड़क को साफ किया जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके और संभावित हादसों से बचाव हो सके।



सफाई के बाद सड़क पर पड़ा मलबा




## नाबाकिग किशीरी का अपहरण मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** नाबालिग किशोरी को गांव का एक युवक अपने मामा के सहयोग से अपने प्रेम जाल में फसा कर अपहरण कर ले गया।किशोरी की माता ने थाने में तहरीर दे कर यूवक और उस के मामा के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दी है।पुलिस यूवती की बरामदगी के लिये दबिश दे रही है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि गांव का एक युवक जो अपने मामा के यहां रहता था। नाबालिग लड़की पर डोरे डाल कर अपने प्रेम में फंसा लिया। महिला का आरोप है कि रविवार को रात में उसकी नाबालिग किशोरी को युवक अपने मामा के सहयोग से अपहरण कर ले गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अजय कुमार पटेल और उनके मामा रामबाबू पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के लिए दबिश दे रही है।

## गहमागहमी के बीच कौंधियारा ब्लॉक की तीन सीटों पर उप चुनाव संम्पन्न



कौंधियारा ब्लॉक में मतगणना के बाद बड़गोहना कला के विजयी प्रत्याशी उग्रसेन बिन्द को बधाई देते लोग

**अखंड भारत संदेश**

**कौंधियारा।** विकास खंड कौंधियारा के गांव बड़गोहना कला, एकौनी और बकरावा ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के रिक्त पद के लिए हुए उप चुनाव की मतगणना सोमवार को पूरी हो गई। बड़गोहना कला से उग्रसेन,एकौनी से रानी देवी ,और बकरावा से शिवशंकर पटेल निर्वाचित हुए।

उपचुनाव में एकौनी की रानी देवी ने चम्पा देवी को 29 बोट से शिकस्त दी। रानी देवी को 502 वोट जबकि चंपा देवी को 475 मत प्राप्त हुए। बड़गोहना कला के उग्रसेन बिन्द ने 605 वोट प्राप्त किया। अनारकली को 576 मत प्राप्त हुए। बकरावा में शिवशंकर ने सावित्री देवी को एक मत से परास्त किया। मतगणना के दौरान प्रत्यशियों के बीच बराबर गहमागहमी बनी रही। बकरावा में रेकॉउंटिंग के दौरान एक वोट से जीत हार का फैसला हुआ। वहीं एकौनी में भी उपविजेता ने ब्लॉक के बाहर घण्टों बवाल काटा।



रानी देवी (एकौनी)



शिवशंकर (बकरावा)

मतगणना के दौरान एसीपी कौंधियारा विवेक यादव,थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा व घूरपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह भी बराबर बने रहे। निर्वाचन अधिकारी केके सिंह और अशोक कुमार के दिशानिर्देश में चुनाव संम्पन्न हुआ।

## शंकरगढ़ पुलिस ने दो अलग- अलग मामलों में चार वारंटी को दबोचा

### तीन पर गंभीर आपराधिक धाराएं, एक 12 वर्षों से चेक बाउंस मामले में था फरार

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** थाना शंकरगढ़ पुलिस ने सोमवार को दो अलग-अलग मामलों में न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन अभियुक्त गंभीर धाराओं में वांछित थे, जबकि एक अभियुक्त धारा 138 (चेक बाउंस) के तहत करीब 12 वर्षों से फरार चल रहा था। शंकरगढ़ एसओ ओमप्रकाश ने बताया कि पहले मामले में तीनों आरोपी 2012 से फरार चल रहे थे। इन पर कई धाराओं में मुकदमा दर्ज था। ये शंकरगढ़ के ग्राम सुरवल साहनी के निवासी हैं।जंगली पुत्र झगई कोल, रामकृपाल पुत्र श्यामलाल और कैर पुत्र बहोरी कोल वर्ष 2012 के मुकदमा संख्या 1446/12 में वांछित थे। इनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 149, 447, 504, 323, 506 और 452 के तहत गंभीर आरोप पंजीकृत थे।गिरफ्तार करने वाली




पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनुराग,मुख्य आरक्षी अरविंद तिवारी,आरक्षी विशाल सिंह, आरक्षी संतोष, आरक्षी धर्मेंद्र पाल शामिल रहे।

इसी तरह एक दूसरे मामले में 12 साल से चेक बाउंस का मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने नवल किशोर पाण्डेय उर्फ राजा पाण्डेय पुत्र छोटेलाल पाण्डेय, निवासी शंकरगढ़ को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मोनेश सिंह यादव,मुख्य आरक्षी अनिल कुमार, आरक्षी राम विनय यादव शामिल रहे।

## करछना बार एसोसिएशन चुनाव की सरगर्मियां चरम पर है, मतदान के एक दिन पहले प्रत्याशियों ने झोकी ताकत

- तहसील परिसर बैनर पोस्टर से पट गया है बिल्डिंग, दीवारें आदि सब पर कुछ पर चुनावी बुखार चढ़ गया है
- तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार? का मुद्दा बना प्रचार प्रसार का जरिया

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज जनपद के जमुनापार क्षेत्र की प्रमुख एवं प्राचीन तहसील करछना में इन दोनों बार एसोसिएशन चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं सभी प्रत्याशी अपने-अपने दावे को लेकर समर्थन जुटाने के लिए अधिवक्ताओं को अपने पक्ष में मताधिकार करने के लिए दिन-रात एक दिए हैं नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद 6 मई 2025 को मतदान होगा और इसी दिन देर शाम मतगणना होगी तथा देर शाम तक नतीजे घोषित कर दिया जाएगा,जिसके लिए अलग-अलग पदों के प्रत्याशी चुनाव मैदान में प्रतिष्ठा को बचाने के लिए दिन रात जनसंपर्क तेज कर दिया हैं




बार एसोसिएशन करछना के अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया है ध्रुवराज सिंह व संजय पांडे के बीच अध्यक्ष पद का मुकाबला बड़ा रोचक है वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए तीन प्रत्याशी हैं जगदीश निषाद, प्रकाश पांडे, विनय कुमार द्विवेदी, तथा उपाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी वरुण सिंह, मुजीबुर्रहमान, करुणा शंकर महामंत्री के लिए दो दावेदारों में शिवेंद्र सिंह, अजय द्विवेदी एवं संयुक्त मंत्री के लिए चार प्रत्याशी मैदान में नामांकन करके अपनी किस्मत आजमा रहे हैं जिसमें बलजीत सिंह पटेल दिनेश द्विवेदी धर्मेंद्र शुक्ला अतुल श्रीवास्तव, इन प्रत्याशियों ने नामांकन के बाद अपनी जोर आजमाइश तहसील से लेकर अधिवक्ताओं के घर-घर जाकर अपने पाले में मताधिकार किए जाने की कोशिश में लगे हुए हैं देखना यह होगा कि आगामी 6 मई को मतदान के बाद ताज किन-किन प्रत्याशियों के सर पर चढ़ता है।

# नगर पंचायत सिरसा में सभासद के लिए हुए उपचुनाव में श्रीनाथ यादव ने लहराया परचम

**कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मेजा तहसील के सभागार में मतगणना की आरओ तहसीलदार मेजा आकांक्षा मिश्रा और एआरओ बीईओ उरुवा राजेश यादव की मौजूदगी में संपन्न हुई मतगणना में श्रीनाथ यादव को मिले 231 मत**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** नगर पंचायत सिरसा के वार्ड नंबर 6 में सभासद पद के उपचुनाव की मतगणना सोमवार को मेजा तहसील के सभागार में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई, जिसमें 231 वोट पाने वाले प्रत्याशी श्रीनाथ यादव पुत्र देवी प्रसाद को विजई घोषित किया गया जबकि इनके निकटतम प्रत्याशी शिवकुमार सिंह 180 वोट प्राप्त कर दूसरे,वीरेंद्र कुमार यादव 103 वोट पाकर तीसरे तथा जय विजय सिंह 18 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत सिरसा के वार्ड नंबर 6 ( पूरा जगन्नाथ मोहल्ला ) में कुल 1050 मतदाता हैं जिसमें टोटल 545 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के दौरान 11 वोट अनवेलिड पाए गए। गौरतलब है कि मतगणना की रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार मेजा आकांक्षा मिश्रा और एआरओ बीआरसी उरुवा के बीईओ राजेश यादव की मौजूदगी में संपन्न कराया गया। मतगणना पर्यवेक्षक अवर अभियंता लघु सिंचाई प्रदीप अवस्थी ने बताया कि मतगणना के दौरान किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इस लिहाज से गणना स्थल पर मेजा पुलिस मुस्तैदी से डटी रही और शांतिपूर्ण माहौल में मतगणना का कार्य संपन्न कराया गया। इस संबंध में चुनाव की आरओ तहसीलदार मेजा आकांक्षा मिश्रा ने बताया कि सिरसा नगर पंचायत के वार्ड संख्या छह (पूरा जगन्नाथ मुहल्ला) के सभासद मोनू मिश्रा की मौत के बाद यह पद रिक्त था

जिसके बाद उक्त पद के लिए कराए गए उपचुनाव में शिव कुमार सिंह पुत्र गणेश प्रसाद सिंह,वीरेंद्र कुमार यादव पुत्र रमाकान्त,जय विजय सिंह पुत्र अशर्फी लाल और श्रीनाथ पुत्र देवी प्रसाद ने बतौर उम्मीदवार थे। उपनिर्वाचन अधिकारी एनटी लालतारा राजेंद्र सिंह के अनुसार इस वार्ड के कुल 1026 मतदाता हैं,मतगणना पांच मई को होनी थी।


मतगणना स्थल पर मत की गिनती करते अधिकारी गण


जीत के बाद जश्न मनाते श्रीनाथ समर्थक


तहसीलदार से शिकायत करते पीड़ित

# तहसील में लेखपाल से पीड़ित ने तहसीलदार से की शिकायत

**तहसीलदार ने न्याय का दिया आश्वासन**

**करछना।** प्रयागराज क्षेत्र के माजरा चक घनश्याम दास नई बाजार कर्मा निवासी मोउसमा पुत्र फरहद ने करछना तहसील में पहुंचकर तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर हल्का लेखपाल एवम् नहर विभाग के खिलाफ शिकायत की प्रार्थी अपनी निजी जमीन पर निर्माण कर रहा था जिसमें लेखपाल द्वारा धमकी दी जा रही थी कि फर्जी तरीके से जेल भेज देंगे जिससे घबराकर पीड़ित तहसीलदार रवि प्रताप सिंह से मिल कर अपनी बात बताई जिसके बाद तहसीलदार रवि प्रताप सिंह ने पीड़ित को आश्वासन देते हुए कहा की आपको न्याय मिलेगा मामले की जांच कराई जाएगी।

# धूल भरी आंधी से मौसम हुआ सुहाना प्रयागराजवासियों को मिली गर्मी से राहत



**प्रयागराज।** लगातार तेज गर्मी और उमस से जूझ रहे प्रयागराजवासियों के लिए सोमवार का दिन राहतभरा रहा। मौसम ने करवट ली और तापमान में गिरावट के साथ ही शहरवासियों ने गर्मी से कुछ राहत की सांस ली। सिविल लाइंस, नैनी, रामपुर, धूमनगंज सहित जिले के अधिकांश इलाकों में ठंडी हवाएं चलीं और आंशिक बादल छाए रहे, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हाल के दिनों में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका था, लेकिन सोमवार को दिनभर चली ठंडी हवाओं और बादलों की आवाजाही ने मौसम को सुहावना बना दिया। लोग जहां खुले में निकलने से बच रहे थे, वहीं आज मौसम सामान्य होते ही बाजारों और सड़कों पर रौनक लौट आई। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले एक-दो दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है और हल्की फुहारें भी पड़ सकती हैं। इससे किसानों और आमजन दोनों को राहत मिलेगी। गर्मी से बेहाल लोगों के लिए यह बदलाव सुकून देने वाला है। नागरिकों ने श्री कुशवाहा घनश्याम कुशवाहा रमेश केसरवानी शरद जायसवाल उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आएगी और मौसम खुशनुमा बना रहेगा।

# मन के अंधेपन को दूर करने की वैज्ञानिक क्रिया है क्रियायोग-सनातन धर्म

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान के संस्थापक व अध्यक्ष स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज ने महात्मा गांधी मार्ग पर एक विशेष क्लास के दौरान साधकों को बताया कि जब मनुष्य समय (काल) व दूरी के प्रभाव में द्वन्दात्मक जीवन जीता है तो उसके अस्तित्व में अंधा मन राजा के रूप में शासन करता है और दसों इन्द्रियों के माध्यम से निरन्तर अमानवीय कर्मों को संपादित करता है। मन के अंधवत क्रियाकलापों के कारण मनुष्य अपने अंदर बहने वाले अमर ज्ञान से एकता स्थापित नहीं कर पाता है, परिणामस्वरूप वह मृत्यु, बीमारी, कमजोरी, चिन्ता आदि की अनुभूति करता है।योगेश्वर श्रीकृष्ण ने योग को अविनाशी कहा है। योग अविनाशी है,का तात्पर्य है कि योग अवस्था का अस्तित्व सार्वकालिक है। योग का अभ्यास नहीं किया जा सकता है। योग सत्य व अहिंसा की अनुभूति की अवस्था है। योग की अवस्था में अनुभव होता है कि हमारे स्वरूप व सत्य-अहिंसा-ब्रह्मचर्य-अपरिग्रह-अस्तेय के बीच दूरी शून्य है। इस स्थिति में पूरी तरह से अनुभव होता है कि हमारे परमात्मा के बीच दूरी शून्य है। परमात्मा स्वयं हमारे, आपके तथा दृश्य व अदृश्य जगत के रूप में ठीक उसी प्रकार प्रकाशित हो रहे हैं जिस प्रकार एक बीज जड़, तना, पत्तियाँ, पुष्प, काँटा व फल के रूप में प्रकट होता है। जिस प्रकार समुद्र स्वयं अनन्त लहरों के रूप में प्रकट होता है उसी प्रकार परब्रह्म सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के रूप में प्रकट होकर ईश्वरीय लीला कर रहे हैं। इस सत्य की अनुभूति होने पर मैं भाव का लोप हो जाता है।क्रियायोग के अभ्यास से पूरी तरह अनुभव हो जाता है कि पब्रह्म अमर हैं और वही सारे रूपों में व्याप्त हैं। आधुनिक विज्ञान ने भी इस सत्य को प्रमाणित कर दिया है कि ऊर्जा का विनाश संभव नहीं है। अतः उसका घनीभूत रूप अणु-परमाणु और उससे बनी समस्त रचनाएँ भी शाश्वत, अमर, अविनाशी हैं। समस्त रचनाएँ दृश्य से अदृश्य में तथा अदृश्य से दृश्य तत्व में ठीक उसी प्रकार रूपान्तरित होती रहती हैं जिस प्रकार बर्फ वाष्प तथा वाष्प पुनः बर्फ के रूप में बदलती है। जिस प्रकार वाष्प को इकट्ठा करके बर्फ के रूप में बनाया जा सकता है उसी प्रकार अदृश्य शक्ति को 24 तत्वों के रूप में संघनित करके दृश्य स्वरूप को प्रकट किया जा सकता है तथा इच्छानुसार दृश्य अस्तित्व को अनन्त सर्वव्यापी अदृश्य तत्व में विलीन किया जा सकता है।


साधकों को क्रियायोग के बारे में बताते क्रियायोग गुरु योगी सत्यम जी महाराज


उपस्थित साधक

# शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन सराहनीय : प्रवीण पटेल

## यूपी बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा में टाप करने वाली छात्रा के परिजनों से मिले सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** उत्तर प्रदेश बोर्ड की 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉपर बनी महक जायसवाल ने प्रयागराज जनपद का नाम रोशन किया है। बिटिया ऐसे ही नई बुलंदियों को छुते हुए अपना व अपने परिवार के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन करे। यह बातें सोमवार को कनेहटी गांव निवासी शिव प्रसाद जायसवाल की पुत्री महक जायसवाल को सपरिवार बधाई देते हुए फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने कही। उन्होंने कहा की बेटियां सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं जो की सराहनीय है। फूलपुर नगर पंचायत के चेयरमैन व भाजपा नेता अमरनाथ यादव ने भी महक जायसवाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर आशीर्वाद दिया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह, डाक्टर राकेश केसरवानी,नीरज जायसवाल, राजकुमार कश्यप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च स्थान पाने वाली टापर महक जायसवाल को बधाई देते हुए फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल

## श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने सनातनियों को दी सीख, बोले-'रोने-भागने के बजाय लड़ना सीखें, अखाड़ा परिषद करेगा मदद'

**प्रयागराज।** आपसी विघटन, संघर्ष न करने की प्रवृत्ति से हिंदू सदियों से प्रताड़ित हो रहा है। देश के अंदर और बाहर आज भी हिंदू मारे और भगाए जा रहे हैं। प्रताड़ित होने पर रोकर भागने लगते हैं। यह अनुचित है। हमें लड़ना सीखना होगा। लड़ेंगे तभी बचेंगे। यह कहना है अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी का। श्री निरंजनी अखाड़ा में रविवार को संतों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्मावलंबियों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। बंगाल और पहलगाम की घटना को अखाड़ा परिषद ने गंभीरता से लिया है। अखाड़ा परिषद बंगाल और जम्मू-कश्मीर में अपनी गतिविधि बढ़ाएगा। मठ-मंदिरों में प्रवास करके धार्मिक गतिविधियां बढ़ाई जाएगी। सनातनियों को हर संभव मदद दी जाएगी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की हिंदू के रूप में पहचान करने के बाद गोली मारने पर रोष व्यक्त करते हुए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जाति-वर्ग में बंटने से हिंदू कमजोर हुआ है। आपसी विघटन के कारण सत्ता में बैठे लोग उन्हें ज्यादा महत्व नहीं देते। जो एकजुट हैं उनके साथ सभी खड़े हो जाते हैं। बंगाल व पहलगाम की घटना से सीख लेकर हिंदू एकजुट हों। जाति-वर्गों में बंटने के बजाय सनातनी बनें। जब कोई पहचान पूछे तो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, ओबीसी आदि बताने के बजाय कहें मैं सनातनी हूं। जब सनातनी बनेंगे तो सामने वाला स्वतः सम्मान देने को विवश होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह आतंकी हमला कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे, इसका हमें भरोसा है, लेकिन हर काम में सरकार के भरोसे नहीं रहना चाहिए। सरकार अपना काम करेगी। हमें अपनी रक्षा के लिए स्वयं मजबूत होना होगा।

श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने कहा कि कुछ लोगों ने मुझे बताया कि एक टीवी शो में बहन-बेटियों को कैमरे के सामने कपड़ा उतारने पर विवश किया जाता है। यह अत्यंत घृणित कार्य है। सनातन संस्कृति और सभ्य समाज इसे स्वीकार नहीं करेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ऐसे शो को तत्काल बंद कराए। साथ ही उसे होस्ट करने वाले पर कार्रवाई हो। भविष्य में ऐसा शो न बने उसे सुनिश्चित किया जाए अथवा अखाड़ा परिषद कानूनी कार्रवाई करेगा।

# हप्तों से सड़क पर गिरा पेड़, हादसे का दे रहा संकेत, जिम्मेदार अपनी जिम्मेवारी से कोसो दूर

**बारा।** रिंगवा से लालापुर जाने वाली सड़क पर अंसवा मोड़ के नजदीक हप्तों से बबूल का पेड़ आधी सड़क पर गिरा है। उसी सड़क से ज्यादातर क्षेत्रवासियों का आना जाना लगा रहता हैं।मोड़ होने की वजह से कई वाइक सवार चुटहिल हो चुके है।

मेट को अवर अभियंताओं ने सड़क की पटरी सफाई न कराकर ठेकेदारी व सप्लायर बना दिया है।कही भी सड़क की देखभाल नही करते अगर करते तो बबूल कब का हट जाता। जिसकी वजह से सड़क पर चलने वाला राहगीर सुरक्षित नहीं है हमेशा कही न कही चुटहिल होता रहता हैं।



# वायु जल एवं जमीन को सुरक्षित करता है नैनों उर्वरक : संजय कुदेशिया

## किसान चौपाल में कृषकों को दी गई नैनो उर्वरकों के प्रयोग की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** नैनो उर्वरक पर्यावरण हितैषी उत्पाद है जो हमारे वायु,जल एवं जमीन को सुरक्षित करता है। इसके प्रयोग से सस्ती एवं टिकाऊ खेती का रास्ता खुलता है। यह बातें सोमवार को खोजापुर,हरभानपुर गांव में मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किसान चौपाल में उपस्थित कृषकों को नैनों उर्वरक की महत्ता बताते हुए इफको के इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने बतौर मुख्य अतिथि कही। किसानों को नैनों उर्वरक के इस्तेमाल करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा की खेती सम्बन्धित किसी भी समस्या पर इफको किसानो की सेवा में सदैव तत्पर है।

कारडेट के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र ने नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की कृषकों को नैनो डीएपी तरल से 5 एम.एल. प्रति किलो बीज की दर से शोधन करके बुवाई करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को नैनों उर्वरक के उपयोग करने सही तरीकों से भी अवगत कराया। जनसंपर्क अधिकारी स्वयं प्रकाश ने नैनो उर्वरकों के तकनीकी एवं आर्थिक पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान कृषक राम कुमार,बसु चंद तिवारी,विजय बहादुर पटेल ने नैनो उर्वरकों के प्रयोग संबंधी अपने अनुभव को साझा किया। इस दौरान कृषक विजय बहादुर यादव द्वारा नैनो डीएपी से शोधित कर बोई गई मूंग का भी अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉर्डेट आईआरडीपी प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में अवधेश कुमार तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। चौपाल में प्रधान भूलेश्वर नाथ त्रिपाठी, चंद्रकांत मिश्रा,अजय शुक्ला,सचिन तिवारी, राममूर्ति यादव सहित भारी संख्या में कृषक मौजूद रहे।



किसान चौपाल में कृषकों को नैनों उर्वरक के उपयोग की सही विधि बताते कारडेट के प्रधानाचार्य डा० हरिश्चन्द्र



नैनों डीएपी से शोधित मूंग की फसल का अवलोकन करते इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया

# नाबालिग लड़की को भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** यमुनापार के नैनी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की कौधियारा थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल घूमने आई थी। गुरुवार को दोपहर एक बजे युवती अपने नाना को खेत में खाना देने निकली थी, कि रास्ते से नैनी क्षेत्र के उसके गांव का एक युवक बहला- फुसला कर अपने साथ उठा ले गया। जानकारी होने पर परिजन लड़की की खोज करने का पूरा प्रयास किये लेकिन लड़की का पता नही चला। परेशान लड़की की मां ने कौधियारा थाने में शिकायती पत्र देकर लड़की की बरामदगी की मांग की है कौंधियारा पुलिस नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लड़की की खोज एवं मामले की जांच कर रही है लेकिन 5 दिन बीतने के बाद भी नाबालिग लड़की का कोई सुराग नहीं मिल सका है जिससे लड़की के परिजन चिंतित एवं परेशान हैं।

## दस से पांच बजे तक बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**प्रयागराज।** आरडीएसएस के तहत विद्युतीकरण एवं अनुरक्षण कार्य किया जाना है विद्युत उपकेंद्र पीड़ी के 33 केवी लाइन के जर्जर तार एवं पोल की मरम्मत कार्य के दौरान दिन सोमवार 05 मई से शनिवार 20 मई तक सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक 7 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत विभाग के अवर अभियंता अनुराग श्रीवास्तव निधि इस दौरान अवर अभियंता ने लोगों से धैर्य और सहयोग करने की अपील की है।

## इनर रिंग रोड के किनारे गड्ढे में मिला युवती का शव

झुंसी। थाना क्षेत्र के बजहां गांव में इनर रिंग रोड के किनारे गड्ढे में एक 35 वर्षीय अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ है। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया। मौके पर पहुंचे कई गांवों के ग्रामीण भी शव का शिनाख्त नहीं कर सकें। युवती की हत्या कर शव फेंकें जाने की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल के आस-पास पुलिस को भी कोई पहचान से जुड़े दस्तावेज या मोबाइल फोन नहीं मिला। युवती के मुंह से झाग और बायीं आंख से खून बहने का निशान दिख रहे थे।युवती नीले रंग की लोअर और हरे रंग की टी शर्ट पहने हुई थी। झुंसी थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया युवती जहर खुरानी की शिकार लगती है।

# दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राईसाईकिल, स्मार्ट केन व एडीएल किट का किया गया वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय प्रयास विद्यालय बढ़नी मोहनगंज में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य व विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल द्वारा दिव्यांगजनों को 338 निःशुल्क ट्राईसाईकिल, 22 स्मार्ट केन व 08 ए0डी0एल0 किट वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक व अधिकारीयों ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुये विभाग द्वारा संचालित योजनाओ को विस्तार से समझाते हुये समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का निरान्तर प्रयास किया जा रहा है। दिव्यांग एक अपने में और कैसे सशक्त हो इस पर प्रकार डाला गया साथ ही दिव्यांग किसी भी प्रकार से हतोत्साहित न हो क्योकि मन के हारे हार है मन के जीते जीत रूपी मूलमंत्र दिया गया। इसी क्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा दिव्यांगजनो को सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का शतप्रतिशत लाभ लेने के लिये प्रेरित करने के साथ ही सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के आधार पर सरकार एवं विभाग प्रयासरत है। विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये कहा कि शीघ्र ही मोट्राइज्ड ट्राईसाईकिल सरकार व विभाग द्वारा प्रदान की जायेगी। इसी क्रम में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी दयाराम यादव द्वारा दिव्यांगो को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लाभ दिलाने के लिये प्रेरित करते हुये दिव्यांगजनो का उत्साहवर्धन किया गया। इसी क्रम में जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय नेकहा कि दिव्यांगजनो को ग्रामीण एवं ब्लाक स्तर पर यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी से सम्पर्क कर समास्यो का निस्तारण किया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्या द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के उपरान्त विधायकगण द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया है। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश चौधरी द्वारा अतिथिगणो एवं दिव्यांगजनो धन्यवाद प्रस्ताव प्रेषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीनारायण यादव विद्यालय के सहायक अध्यापक द्वारा किया गया।



दिव्यांगजनों को वितरित किया गया ट्राईसाइकिल

## संयुक्त अधिवक्ता संघ चुनाव में बढ़ी हलचल, नौ मई को मतदान

**लालगंज।** तहसील परिसर में संयुक्त अधिवक्ता संघ के आगामी चुनाव को लेकर माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग गया है। नौ मई को होने वाले मतदान से पहले प्रत्याशियों ने प्रचार-प्रसार और समर्थन जुटाने में पूरी ताकत झोंक दी है। अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए मुकाबला बेहद कड़ा माना जा रहा है। प्रत्याशी दिनभर तहसील में प्रचार करने के बाद अब घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। एक-एक वोट को लेकर जोड़तोड़ और रणनीति का दौर तेज हो गया है। मतदान से ठीक एक दिन पहले, आठ मई को प्रत्याशी अपने-अपने दक्षता भाषण के जरिए अधिवक्ताओं को लुभाने का प्रयास करेंगे। चुनाव समिति के प्रवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान के बाद देर शाम मतगणना की जाएगी और उसी रात परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### नौबस्ता में 50 मृदा नमूनों का किया गया संग्रहण



**प्रतापगढ़।** विकासखंड सदर के ग्राम नौबस्ता में उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव की उपस्थिति में मृदा नमूना संग्रहण अभियान के अंतर्गत 50 मृदा नमूनों का संग्रहण किया गया एवं कृषकों को फॉर्मर रजिस्ट्री से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। खरीफ सत्र 2025 में 70 प्रतिशत मृदा नमूना संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे समयबद्ध रूप से पूर्ण करने हेतु कृषकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के सलाहकार सुनील सिंह, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-ए) वीर विक्रम सिंह एवं भोला नाथ सिंह, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-बी) दिनेश पाल, प्राविधिक सहायक (ग्रुप-सी) श्रद्धा सिंह तथा एटीएम विनय कुमार एवं आनंद तिवारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभासद प्रमोद कुमार शर्मा, कृषक ललिता देवी, सरिता देवी एवं जवाहर लाल सहित अन्य कृषकगण भी सम्मिलित हुए।

### विवाहिता को मार-पीट कर घर से भगाया, दी तहरीर

**पट्टी।** पति सहित ससुराली जनों ने विवाहिता को मार-पीट कर घर से भगा दिया। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है। पट्टी कोतवाली उपाध्यापुर गांव निवासी खुशबू पत्नी अनिल कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पूर्व में उसका पति अनिल कुमार अपने भाई तथा भाई की पत्नी के साथ उसे मार-पीट कर घर से भगा दिया था। जिस मामले में सुलह समझौता होने के बाद वह घर आई थी। आरोप है कि सोमवार को पुन उसे मार-पीट कर घर से भगा दिया गया। पति उसका भाई और उसके भाई की पत्नी ने उसे मार पीटा। पीड़िता ने मामले की नामजद शिकायत पुलिस से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### जमीनी रंजिश में अधेड़ को पीटकर किया घायल

**पट्टी।** जमीनी रंजिश में गांव के एक युवक ने साथियों के साथ मिलकर अधेड़ को मार-पीट कर लहू-लुहान कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव निवासी लाल बहादुर उपाध्याय ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि जमीनी रंजिश में उसे सुबह करीब 9 बजे गांव का एक युवक अपने पांच अज्ञात साथियों के साथ रोक लिया और लाठी डंडे लात घूसे से जम-कर पिटाई कर दी। घायल कोतवाली पहुंचा और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की माग की है। पुलिस मामले की छान-बीन में जुटी हुई है।

### पांच सूत्रीय मांग जिला प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा



**प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कुंडा इलाके में चार वर्षीय छात्रा से हुए दुष्कर्म को लेकर नारेबाजी करते हुए पांच सूत्रीय मांग पत्र कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।इस दौरान कार्यकर्ताओ ने दोषियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकद्दमा चलाए जाने पर जोर दिया व वैन ड्राइवर को फांसी की सजा से कम की सजा मंजूर नहीं पर जोर दिया। पीड़ित छात्रा व उसके परिजनों को न्याय तथा स्कूल की मान्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करने की बात कही। कहा कि ऐसा नही करने पर एनएसयूआई के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर राघवेंद्र तिवारी, शिवांशु भट्ट, हिमांशु शर्मा, आदित्य पांडे, राजू, यश द्विवेदी, कपिल ओझा, मो. इदरीश, अबू शाहमा, रवि प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# सई नदी में नहाने गये युवक की डूबने से मौत

**बेलखरनाथ धाम।** सई नदी में नहाते समय युवक गहरे पानी में चला गया। जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के यहियापुर निवासी शराफत अली का बेटा रेहान अहमद (45) सोमवार को करीब डेढ़ बजे गांव में महुआरी घाट पर स्थित सई नदी में नहाने गया था। अचानक वह गहरे पानी में चला गया जहां वह डूब गया।काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला तो हल्ला गुहार मचाने पर जुटे ग्रामीणों ने उसे किसी तरह पानी से बाहर निकाला तथा अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी तभी उसकी सांसे थम गई। घटना की सूचना मिलते ही दिलीपपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।घटना की सूचना मिलने पर परिजन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक के दो बेटे तथा दो बेटियां हैं। पत्नी खुशनुमा निशा का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### पेंशनर कोषागार में जीवित प्रमाण पत्र जमा करें

**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह ने कोषागार प्रतापगढ़ से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि यदि आपने अपना जीवित प्रमाण पत्र प्रथम पेंशन भुगतान के एक वर्ष के अंदर नहीं जमा किया है तो आपका पेंशन भुगतान स्वतः रुक जाता है। ऐसी दशा में पेंशनर स्वयं कोषागार में उपस्थित होकर अथवा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के माध्यम से अपना जीवित प्रमाण पत्र जमा करना सुनिश्चित करे, जिससे आपकी पेंशन भुगतान में कोई अवरोध उत्पन्न न हो।

## शराब के नशे में जमकर हुई मारपीट, एक पक्ष से सात घायल

**पट्टी।** पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष पर हमलावर हो गए। मार-पीट के दौरान सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के औराइन गांव निवासी गुलाब ने बताया कि उसके पड़ोसियों से पुराना विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर कई बार दोनों आमने-सामने हो चुके हैं। रविवार की रात करीब आठ बजे विपक्षी शराब के नशे में आकर गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि इस दौरान मार-पीट हो गई। मार-पीट में एक महिला के साथ गुलाब, इसरार, रियाज का सर फट गया। वही शाहबाज सैफ अली, इकलाख, को भी चोटे आई है। रात करीब 9 बजे सभी घायल थाने आए। जहां से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# रिहायसी छप्पर में लगी आग लाखों की गृहस्थी जलकर राख

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** अराजक तत्वों ने रिहायसी छप्पर में आग लगा दी। जिससे छप्पर के अंदर रखी संपूर्ण गृहस्थी जलकर राख हो गई। पीड़ित ने थाने पर नामजद शिकायत की है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव निवासी सुभाष चंद्र उपाध्याय ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि सोमवार को दिन में करीब 8 बजे उसके रिहायशी छप्पर में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। जिससे छप्पर के अंदर रखा तीन कुंतल गेहूं व एक लाख 30 हजार रुपए जलकर राख हो गया। शोर शराबे पर ग्रामीण दौडे तो आग बुझाई। जब तक ग्रामीण आग बुझाते तब तक छप्पर के अंदर रखी संपूर्ण गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ित ने सोमवार को दिन में करीब एक बजे थाने पहुंचकर एक नामजद तीन अज्ञात के विरुद्ध छप्पर में आग लगा देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस मामले की छान-बीन में जुटी हुई है।



छप्पर में लगी भीषण आग का दृश्य

# फायर स्टेशन पहुंचे स्कूली बच्चे जीवन रक्षा की ली सीख

## आत्रेय एकेडमी के बच्चों ने पुलिस लाइन में मनाया अग्नि सुरक्षा दिवस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा दिवस के अवसर पर सोमवार को आत्रेय एकेडमी के बच्चे पुलिस लाइन स्थित फायर स्टेशन पहुंचे। स्कूली बच्चों ने फायर सर्विस के जवानों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा दिवस मनाया। बच्चों ने फायर सर्विस के अधिकारियों से अग्नि सुरक्षा के संबन्ध में विभिन्न सवाल किए। मुख्य अग्नि शमन अधिकारी राजू उपाध्याय ने बच्चों की सभी जिज्ञासाओं को शांत किया। इसके पश्चात स्कूली बच्चों में अग्नि सुरक्षा विषय पर व्याख्यान, निबंध लेखन एवं फायर ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने अग्निशमन तथा जीव रक्षा कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अतुल त्रिपाठी ने बच्चों को फायर सर्विस के जवानों द्वारा आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले कार्यों और सुरक्षा संबन्धी विषय पर विस्तार से जानकारी दी। सहायक अग्निशमन अधिकारी राधेश्याम दूबे ने बच्चों को अग्निशमन उपकरणों और वाहनों से परिचित कराया। आत्रेय एके-डमी के प्रधानाचार्य आनिंद्य शंकर ने कहाकि विभिन्न दिवसों पर स्कूली बच्चों को ऐसे स्थानों पर ले जाकर जानकारी प्रदान करने से उनके भीतर किसी भी आपात कालीन स्थिति से निबटने की क्षमता जागृत होती है। बच्चों को शिक्षा के साथ साथ आपातकालीन दशा में खुद के साथ अन्य जीवों की रक्षा करने की सीख मिलती है। इस मौके पर प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव, ममता दयाल, प्रभाकर राय, राम शर्मा समेत अध्यापक एवं फायर सर्विस के जवान मौजूद रहे।



## मंदिर से चांदी का मुकुट व पीतल का घंटा चोरी

**लालगंज।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के कोठा नेवढिया गांव स्थित बाबा घरेसर धाम मंदिर को अज्ञात चोरों ने बीती रात निशाना बना लिया। चोर मंदिर परिसर में घुसकर करीब दस कुंतल वजनी पीतल का घंटा, चांदी का मुकुट और दानपेटिका चोरी कर ले गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मंदिर के देखरेखकर्ता रामनरेश तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि चार मई की रात मंदिर परिसर में घुसे चोरों ने न सिर्फ बहुमूल्य सामग्री चुरा ली, बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी आघात पहुंचाया है। घटना के बाद मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई और लोगों ने मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। सांगीपुर थाना प्रभारी मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है और जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर में सांप फेंककर माहौल बिगाड़ने की कोशिश, शिवलिंग के पास थूका

## रामपुर बावली में कालेश्वर नाथ धाम की घटना, एक संदिग्ध हिरासत में

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बावली गांव स्थित कालेश्वर नाथ धाम में रविवार रात अराजकतत्वों ने मंदिर की गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। आरोपियों ने न सिर्फ मंदिर परिसर में मृत सांप फेंका, बल्कि पान मसाला खाकर शिवलिंग के पास थूक भी दिया। घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश और तनाव का माहौल फैल गया। जानकारी के अनुसार, रविवार रात मंदिर व्यवस्थापक राजकुमार धुरिया पूजा-पाठ के बाद मंदिर में ताला बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह जब वह सफाई के लिए मंदिर पहुंचे, तो शिवलिंग के पास मरा हुआ सांप और चारों ओर थूक फैला देख दंग रह गए। घटना की सूचना पर मौके पर ग्रामीण और श्रद्धालु एकत्र हो गए। पुलिस के पहुंचने पर छानबीन की गई और लोगों को शांत कराया गया। श्रद्धालुओं और व्यवस्थापक ने मिलकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की, जबकि मृत सांप को मंदिर के पास ही दफनाया गया। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव ने बताया कि मामले में व्यवस्थापक की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

### दहेज के लिए ससुरालीजन कर रहे प्रताड़ित, शिकायत

**पट्टी।** दहेज के लिए विवाहिता को ससुराल के लोग शादी के बाद से ही प्रताड़ित कर रहे हैं। प्रताड़ना की हद तब पार हो गई जब उसे मार-पीट कर घर से भगा दिया गया। मायके वालों के साथ विवाहिता ने थाने पर शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के सोनवट गांव निवासी विनोद शुक्ला ने अपनी पुत्री अंशु की शादी वर्ष 2020 में अंबेडकर नगर जनपद के मेडीसलेमपुर गांव निवासी विक्रम पुत्र उमानाथ के साथ की थी। शादी में हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज में दो लाख रुपये की सोने की चैन और चार चक्का गाड़ी की मांग की जाती रही। इस दौरान उसे एक पुत्री भी पैदा हुई। उसे लगा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। बीते 30 अप्रैल को उसे मार-पीट कर घर से भगा दिया गया। जिससे वह अपने भाई को फोन कर आप-बीती बताई तो भाई उसे लेकर मायके चला आया। जहां पर पहले दोनों पक्षों में सुलह समझौते का प्रयास हुआ। पर जब बात नहीं बनी तो सोमवार को पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की छान-बीन में जुटी हुई है।

# वक्फ संशोधन जागरूकता प्रबुद्ध अल्पसंख्यक गोष्ठी का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** तुलसी सदन में वक्फ संशोधन जागरूकता प्रबुद्ध अल्पसंख्यक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के उपरान्त प्ररम्भ हुआ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि वक्फ सुधार जन जागरण अभियान 2025 को देशभर में शुरू करने का उद्देश्य यह है कि इसका कुछ तत्वों के द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है कुछ लोग गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जहां तक वक्फ का विषय है अक्सर ये नैरेटिव फैलाने का प्रयास किया जा रहा है कि ये मुसलमान समुदाय के खिलाफ है। जबकि वास्तविकता और हकीकत यह है कि यह मुसलमान समुदाय के हक में ही लाया गया है।कहा कि वक्फ कानून से सामान्य नागरिकों के साथ ही सरकारी संपत्तियों की रक्षा होगी। भूमाफियायों ने वक्फ बोर्ड की आड़ में जमीनों पर कब्जा किया था अब इन जमीनों का इस्तेमाल मुसलमानों के विकास में किया जाएगा इससे भारत के विकास की गाथा आगे बढ़ेगी।उन्होंने कहा कि वक्फ कानून का मूल मकसद आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है। सदर विधायक राजेन्द्र मौर्या ने कहा कि वक्फ संशोधन से मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास के साथ सबका विश्वास की एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी इससे गरीब मुस्लिम समाज की बेरोगारी शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान में व्यापक पैमाने में बदलाव आने वाला है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता व वरिष्ठ पदाधिकारी क्षेत्र में जाकर वक्फ कानून की जानकारी दे रहे मुस्लिम समाज के लोगों को जागरूक कर रहे है आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र राजन व अध्यक्षता मो0 सोहराब जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा सदस्य मोहम्मद मोबीन, धीरज ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, ओम प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व मंत्री अवधेश मिश्र, जिला महामंत्री राजेश सिंह, पवन गौतम, विशाल विक्रम सिंह, राघवेन्द्र शुक्ल, रूची केशरवानी, विजय मिश्रा, अनुराग मिश्र, डा0 जाकिर हुसैन, सीमा सिद्दीकी, इमतियाज अहमद आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि

## बीजों की विक्री करते समय दिशा निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से करें

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने जनपद के समस्त बीज विक्रताओं को सूचित किया है कि खरीफ-2025 में बीजों की बिक्री करते समय दिशा निदेशों का अनुपालन कड़ाई से करें, यदि भ्रमण के समय या कृषक बन्धुओं द्वारा प्राप्त शिकायतों में कमियां पायी जायेगी तो आपके विरूद्ध बीज नियन्त्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1985 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बीज विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि जनपद के समस्त बीज विक्रेताओं के बीज विक्रय प्रतिष्ठानों पर फर्म का बोर्ड लगा होना अनिवार्य है। समस्त बीज विक्रय प्रतिष्ठानों पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा प्रमाणित स्टॉक पंजिका एवं वितरण पंजिका उपलब्ध रहना अनिवार्य है जिस पर प्रतिदिन का स्टॉक वितरण अंकित होना चाहिए। बिक्री किए गये बीजों का कैश मेमों कृषकों को देना अनिवार्य होगा। जनपद के समस्त फुटकर विक्रेता यदि अन्य जनपद से बीज का विक्रय करते हैं तो उनके पास राज्य स्तर का लाइसेन्स होना अनिवार्य है। जनपद में केवल नोटिफाइड बीज की ही बिक्री करेंगे तथा बिना नोटिफाइड के बीज विक्रय जनपद में बगैर नोटिफाइड बीज प्रजातियां बिक्री से प्रतिबन्धित है। यदि किसी विक्रेता के प्रतिष्ठान पर बगैर नोटिफिकेशन के बीज पाये जाते है तो सम्बन्धित विक्रेताओं के विरूद्ध बीज नियन्त्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। जनपद के ऐसे विक्रेता जिनके द्वारा सीधे कम्पनियों से बीजों की खरीद की जाती है वो यह सुनिश्चित करेगे कि जिस कम्पनी द्वारा बीजों की आपूर्ति की जा रही है वो उ0प्र0 में बीज व्यवसाय करने के लिए अधिकृत है अथवा नही तथा जिस बीजध्प्रजाति की आपूर्ति की जा रही है वो नोटिफाइड है अथवा नही बगैर नोटीफाइड प्रजातियों की बिक्री प्रतिबन्धित है एवं सम्बन्धित कम्पनी द्वारा आपको उक्त बीज बिक्री के सम्बन्ध में अधिकार पत्र जारी करना आवश्यक है निरीक्षण के समय यदि आपके प्रतिष्ठान पर उपलब्ध बीजों से सम्बन्धित अधिकार पत्र नही प्राप्त होता है तो सम्बन्धित विक्रेता के विरूद्ध उपरोक्त नियन्त्रण आदेश एवं अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। सभी बीज विक्रेताओं को बीज विक्रय से सम्बन्धित बीज विक्रय का लाइसेन्स प्राप्त करना अनिवार्य है यदि कोई बीज विक्रेता बगैर बीज विक्रय लाइसेन्स के बीजों की बिक्री करता पाया जायेगा तो सम्बन्धित विक्रेता के विरूद्ध बीज नियन्त्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जनपद में यदि कहीं पर भी गुणवत्ता विहिन या डुप्लीकेट पैक किया हुआ बीज विक्रय किया जाता है तो कृषक मो0 नम्बर 7839882338 पर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से सायं 05 बजे तक कर सकते है।

# वृद्ध के गर्दन और नाजुक अंगों में हमला इलाज के दौरान मौत

## परिजनों के अनुसार हत्या किए जाने के मकसद से नकाबपोश दो लोगो ने किया हमला

**अखंड भारत संदेश**



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बदनपुर गांव में रविवार के दिन दोपहर में घर के अंदर सो रहे एक पेंशन धारक वृद्ध व्यक्ति पर प्राण घातक हमला किया गया है गम्भीर हालत में परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए मूरतगंज के अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान सोमवार को बृद्ध की मौत हो गयी है सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार रामसुरेमन उम्र लगभग 62 वर्ष पुत्र शारदा प्रसाद निवासी ग्राम बदनपुर थाना संदीपनघाट बीते वर्ष कोयला खदान से रिटायर हुए थे उनके तीन लड़के धर्मवीर रामवीर और चंद्रभान है बड़ा बेटा कोयला खदान में नौकरी करता है रविवार के दिन दोपहर में वह अपने घर के अंदर सो रहे थे परिजनों के अनुसार दोपहर में दो नकाबपोश अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर घुसकर आए और घर में सो रहे वृद्ध व्यक्ति की गर्दन व अंडकोष खींचकर मार पीट कर भाग गए रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर घर वालो को जानकारी मिली आनन फानन में उन्हे मूरतगंज में निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गयी परिजनों ने संदीपन घाट थाना पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बृद्ध की मौत के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है घर के अंदर पहुंचे दोनों नकाबपोश युवक कौन थे यह बड़ी जांच का विषय है और वृद्ध की हत्या करने के पीछे उनकी मनसा क्या थी इसका रहस्य उजागर किया जाना जरूरी है बताया जाता है कि घर के अंदर पहुंचे दोनों युवक रिश्तेदार बनकर आए थे और निमंत्रण दावत देने की बात कर रहे थे वृद्ध पर हमला इलाज में मौत के मामले के विन्दुवार सूक्ष्म जांच हुई तो चौंकाने वाले चेहरे बेनकाब होंगे पुलिस मामले की खोज बीन में लगी है और जल्द ही मामले का खुलासा कर देगी।

## मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में ग्रामीण नगरीय लोग करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उ.प्र. माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत जनपद के ग्रामीण नगरीय लोगों को कुम्हारी कला माटी शिल्पकला का कार्य कर रहे, कुम्हार जाति के व्यक्तियों जो योजना के अन्तर्गत ऋण प्राप्त करने के इच्छुक है, इस योजना में लाभार्थियों की आयु 18 से कम 55 से अधिक नही होनी चाहिए रू0 10.00 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त किये जा रहे है। पूंजीगत ऋण पर 25 प्रतिशत मार्जिनमनी सब्सिडी लाभार्थियों को अनुदान के रूप में दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी माटीकला की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते है।




## अनियंत्रित डीसीएम पलटा, इलाज के दौरान खलासी की मौत

**ड्राइवर विष्णु का अझुवा स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है**

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के कनवार बॉर्डर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें दबकर खलासी की मौत हो गई। घटनाक्रम के मुताबिक डीसीएम चालक विष्णु पुत्र अर्जुन निवासी रॉरी थाना किशुन पुर फतेहपुर अपने गांव के खलासी रामकरण 28 वर्ष पुत्र जय सिंह यादव के साथ कानपुर से परचून का सामान लादकर प्रयागराज जा रहा था कनवार बॉर्डर के पास डीसीएम का झूला टूट गया जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर केन जाने वाली सड़क पर पलट गया ।गाड़ी पलटने से ड्राइवर और खलासी दब गए ।राहगीरों और आसपास निवास करने वालों का मजमा लग गया राहगीरों और मौके पर पहुंची पुलिस के सहयोग से ड्राइवर और खलासी को गाड़ी के नीचे से कड़ी मशक्कत से निकाल कर एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया सिराथू सीएचसी के डॉक्टरों ने गंभीर घायल रामकरण को जिला अस्पताल भेज दिया जहां उपचार के दौरान रामकरण की मौत हो गई वहीं ड्राइवर विष्णु का अझुवा स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है अझुवा चौकी पुलिस ने मृतक रामकरण के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

# केमिकल युक्त पनीर बनाने वाली दुकान पर छापा

**जिले के अन्य क्षेत्रों में भी केमिकल युक्त पनीर केमिकल युक्त खोवा केमिकल युक्त छेने खोवा की मिठाइयां अभी भी बनाई जा रही ह**

**अखंड भारत संदेश**



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज से भरवारी रोड पर स्थित एक दुकान के अंदर केमिकल युक्त पनीर बनाई जा रही थी नकली पनीर बनवाने वाले रमहित पाल राजस्थान के कारीगरों से केमिकल युक्त पनीर बनवाता था बड़ी संख्या में कारीगर लगाए गए थे मामले की जानकारी मिलने के बाद फूड सप्लाई इंस्पेक्टर टीम के साथ मौके पर पहुंचे हैं जहां केमिकल युक्त नकली पनीर लगभग 10 कुंतल बरामद हुआ है जिसे फूड सप्लाई इंस्पेक्टर ने नष्ट करवा दिया है मौके पर दुकान के अंदर 50 पैकेट में केमिकल युक्त पाउडर भी मिला है इसी केमिकल युक्त पाउडर से पनीर बनाई जाती थी जिसे फूड सप्लाई इंस्पेक्टर ने सीज कर दिया है पूछताछ में दुकानदार ने बताया कि केमिकल युक्त पनीर बनाने के बाद भरवारी मंझनपुर सिराथू मूरतगंज आदि कस्बा में पनीर की सप्लाई की जाती थी छापा मार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिव प्रताप तिवारी खाद्य सुरक्षा सहायक ममता चौधरी कौशाम्बी, थाना कोखराज पुलिस टीम के साथ अन्य कर्मचारी की मौजूदगी में घटिया क्वालिटी के केमिकल को सीज किया गया है हालांकि जिले के अन्य क्षेत्रों में भी केमिकल युक्त पनीर केमिकल खोवा केमिकल युक्त छेने की मिठाइयां अभी भी बनाई जा रही है पुलिस ने केमिकल युक्त पनीर बनाने वाले रामहित को गिरफ्तार कर लिया है वही केमिकल युक्त मिठाई पनीर बनाने वाले दुकान के नौकर कारीगर मौके से फरार हो रहे हैं जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास पुलिस कर रही है। बताया जाता है कि मंझनपुर मुख्यालय के समदा के आगे एक पेट्रोल पंप के बगल में दुकान खोलकर और सामने कॉलोनी में केमिकल युक्त खोवा केमिकल युक्त पनीर केमिकल युक्त छेना और केमिकल युक्त विभिन्न प्रकार की मिठाइयां बनाई जाती है लेकिन वहां तक फूड इंस्पेक्टर की नजर अभी तक नहीं पहुंची है या फिर इस दुकानदार से फूड इंस्पेक्टर की सेटिंग हो गई है इस दुकानदार के यहां भी कई दर्जन राजस्थान के कारीगर लगाए गए हैं जो केमिकल डालकर पूरे दिन खोवा पनीर और छेना वा खोवा की मिठाई बनाने में लगे हैं इस दुकान से भी जिले के दो दर्जन बाजार में मिठाई की सप्लाई की जाती है जिसे खाकर लोग बीमार होते हैं बताया जाता है कि दुकान से लाखों रुपया रोज का केमिकल युक्त मिठाई की बिक्री हो रही है इलाके के लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए केमिकल युक्त मिठाई खोवा पनीर बनाए जाने पर रोक लगाए जाने और केमिकल युक्त मिठाई खोवा पनीर बनाने वालों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## सड़क निर्माण कार्य जून तक पूरा करने के डीएम ने दिए निर्देश



**डीएम ने की राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-02 के चार से छः लेन (चकेरी-इलाहाबाद खण्ड) चौड़ीकरण परियोजना एवं रामवन गमन तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा बैठक**

**जिलाधिकारी ने ग्राम-पल्हाना उपरहार चायल में पड़ने वाले अवरोध को हटवाकर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश अधिशासी अभियंता रामवन गमन को दियें**

**मोहम्मदपुर असवां ओवरब्रिज से चरवा जाने वाले मार्ग पर संकेतक बोर्ड लगवाने एवं ओसा चौराहें पर चल रहें निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-02 के चार से छः लेन (चकेरी-इलाहाबाद खण्ड) चौड़ीकरण परियोजना एवं रामवन गमन तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई ।समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा चार से छः लेन (चकेरी-इलाहाबाद खण्ड) चौड़ीकरण परियोजनान्तर्गत मौजा-कसिया में मन्दिर निर्माण कार्य माह जून 2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही ग्राम-केसारी की छूटी परिसम्पत्तियों का लोक निर्माण विभाग द्वारा सत्यापन पश्चात अभिनिर्णय की कार्यवाही पूर्ण कराने व ग्राम-अन्दावॉ में नाली निर्माण का कार्य लम्बित प्रतिकर धनराशि को अतिशीघ्र वितरण के लिए निर्देशित किया गया। माह जून 2025 तक कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत नवीनीकरण स्वीकृत कार्यों में 5 कि0मी0 नवीनीकरण कार्य पश्चात अवशेष 14.6 कि0मी0 लम्बाई में नवीनीकरण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने रामवन गमन परियोजना के अन्तर्गत निर्माण संबंधी अवशेष कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने रामवन गमन मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर कराते हुए निर्माण कार्य को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने ग्राम-पल्हाना उपरहार चायल में पड़ने वाले अवरोध को हटवाकर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश अधिशासी अभियंता रामवन गमन को दियें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता रामवन गमन को निर्देशित करते हुए कहा कि मोहम्मदपुर असवां ओवरब्रिज से चरवा जाने वाले मार्ग पर संकेतक बोर्ड अवश्य लगवायें। उन्होंने ओसा चौराहे पर जनहित के लिए हो रहें निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सक्षम प्राधिकारी अधिकारी अर्जुन को ग्राम कोडर स्थित 32 के0बी0 के प्रेषण लाहन को अण्डरग्राउण्ड कराने के लिए पत्र प्रेषित करने के निर्देश दियें, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में उपरगामी प्रेषण लाइन से कोई दुर्घटना न होने पायें। उन्होंने जनहित के लिए कराये जा रहें निर्माण कार्य को बारिस चालू होने से पहले पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें इस अवसर पर परियोजना प्रबन्धक (तक0) मो0 जैद, भा.रा.रा.प्रा. कानपुर अजीत पाण्डेय, इन्सीडेन्ट इन्चार्ज, भा.रा.रा.प्रा. कानपुर देवेन्द्र पाल, अधिशासी अभियंता रामवन गमन आर0पी0 सिंह, सभी सहायक एवं जूनियर अभियंता, प्रोजेक्ट मैनेजर पी.एन.सी. इंफ्राटेक लि0 सर्वेश कुमार हरित एवं अधिशासी अभियन्ता पी.एम.जी.एस.वाई. सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालयों के रंग रोगन के नाम पर लीपापोती शुरू

**मनरेगा व अन्य योजना में भी साफ सफाई रंग रोगन सौंदर्यकरण के नाम पर परिषदीय विद्यालयों को अवमुक्त कर दिया जाता है बजट**

**परिषदीय विद्यालयों के रंग रोगन के लिए कई करोड़ रुपए का बजट शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष विद्यालयों को भेजा**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** परिषदीय विद्यालयों को साफ सुथरा करने और स्वच्छ बनाने के लिए सरकार द्वारा मोटा बजट विद्यालयों को देने के बाद विद्यालयों को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाने का निर्देश दिए जाते हैं इसके लिए अन्य खर्चों के साथ रंग रोगन का बजट भी विद्यालय को प्रतिवर्ष दिया जाता है इसके अलावा ग्राम पंचायत निधि से मनरेगा व अन्य योजना में भी साफ सफाई रंग रोगन सौंदर्यकरण के नाम पर परिषदीय विद्यालयों को बजट अवमुक्त कर दिया जाता है लेकिन उसके बाद परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक ग्राम प्रधान से साठगांठ करके परिषदीय विद्यालयों के रंग रोवन में बड़ा खेल करते हैं खुलेआम रंग रोगन में हो रहे खेल के मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारी भी गंभीर नहीं है और दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई करते नहीं दिख रहे हैं प्राथमिक विद्यालय से लेकर जूनियर हाई स्कूल को प्रधानाध्यापक साफ सुथरा नहीं बना पाते हैं इस सम्बंध में खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद गुप्ता से बात की गई तो उनका कहना है कि चूने से सरकारी स्कूल की रंगाई पुताई पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी का कहना है कि परिषदीय विद्यालयों के रंग रोगन को अध्यापक जैसे चाहे वैसे करवा सकते हैं उनको कोई निर्देश नहीं दिया है खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका मोबाइल नेटवर्क कवरेज एरिया से बाहर होने के चलते बात नहीं हो सकी है जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी दोनों अधिकारियों के बयानों में विरोधाभास है जिससे कुछ स्पष्ट नहीं हो पा रहा है सिराथू विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तेजवापुर और मंझनपुर विकासखंड के सेवकूपुर स्थित जूनियर विद्यालय में बीते कई दिनों से चूने से रंगरोगन का काम हो रहा है डिस्टेंपर स्नोसेम से या किसी प्रकार का रंग विद्यालय की दीवारों पर नहीं लगाया जा रहा है जिससे चूना लगते ही दीवारों से छूट रहा है और विद्यालय की पुताई करने का कोई अवचित्त नहीं निकल रहा है सवाल उठता है कि रंग रोगन के बजट में खेल किसके इशारे पर हो रहा है और सरकार से मोटा बजट मिलने के बाद रंग रोगन में हेरा फेरी करके बजट हड़पने वाले प्रधानाध्यापक पर अभी तक कार्यवाही का प्रयास शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने क्यो नहीं किया है जिससे शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर बड़े सवाल खड़े हैं सूत्रों की माने तो परिषदीय विद्यालयों के रंग रोगन के लिए कई करोड़ रुपए का बजट शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष विद्यालयों को भेजा जाता है और इस बजट में 10 प्रतिशत हिस्सा भी खर्च किए जाने की उम्मीद नहीं लगाई जा रही है इस वर्ष भी विद्यालयों को रंग रोगन के नाम पर बजट दिया जा चुका है विद्यालयों के रंग रोगन साफ सफाई और सौंदर्यीकरण में बड़ी हेरा फेरी हो रही है जो बड़ी जांच का विषय है परिषदीय विद्यालयों में रंग रोगन के बजट में हेरा फेरी की जांच कराई गई तो बड़े कारनामों का खुलासा होगा और रंग रोगन में भ्रष्टाचार करने के मामले में कई प्रधानाध्यापको के चेहरे बेनकाब होंगे।

# सभी गौ-आश्रय स्थलो में भूसा खरीद कर भण्डारण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश

**नगर निकायों एवं नगर पालिका में सभी ई0ओ0 को प्लास्टिक पॉलीथीन के विरूद्ध अभियान चलाकर दुकानों में छापेमारी की कार्यवाही कर प्लास्टिक पॉलीथीन को बंद कराने के निर्देश**

**अधिशासी अभियंता विद्युत एवं एसडीओ द्वारा आईजीआरएस की शिकायतों के सम्बन्ध में संतुष्ट फीडबैक न देने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए शो-काज नोटिस जारी करने एवं ई0ओ0 भरवारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के दिये निर्देश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर विभाग, खनन, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन एवं परिवहन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को प्रवर्तन कार्यो में और अधिक तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नगर निकायों एवं नगर पालिका में सभी ई.ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि प्लास्टिक पॉलीथीन के विरूद्ध अभियान चलाकर दुकानों में छापेमारी की कार्यवाही कर प्लास्टिक पॉलीथीन को बंद करायें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत करने के भी निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता विद्युत एवं एसडीओ द्वारा आईजीआरएस की शिकायतों के सम्बन्ध में संतुष्ट फीडबैक न देने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार ई.ओ. भरवारी द्वारा शिकायतों के सम्बन्ध में सही फीडबैक न दिये जाने एवं कार्यों में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियां को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतकताओं से बात करते हुए उनकी शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को स्वयं देखकर उनका निस्तारण करें, किसी भी स्तर पर शिकायतों को लम्बित न रहने दें एवं शिकायतकर्ता का फीडबैक अवश्य लें। जिलाधिकारी ने गौ-आश्रय स्थलां में भूसा भण्डारण के प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी गौ-आश्रय स्थलां में भूसा खरीद कर भण्डारण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियां को दियें।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजस्व अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रबुद्ध सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव, सभी उप जिलाधिकारीगण एवं सभी ई.ओ. सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### चार घरों में सेंध काटकर पांच लाख का नगदी समेत समान उठा ले गए चोर



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 5 में एक साथ चार घरों को चोरों ने निशाना बनाया है बीती रात्रि में चोरों द्वारा चार घरों में सेंध काटकर लगभग पांच लाख का नगदी समेत समान उठा ले गए जानकारी होने पर सिंधिया पुलिस पहुँची और मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक थाना कोखराज अंतर्गत कस्बा भरवारी की सिंधिया पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर पांच रसूलपुर गिरसा में बीती रात्रि चोरों द्वारा चार घरों में सेंध काटकर निशाना बनाया गया चोरों ने जिन घरों में सेंध मारी की है उनमें रति राम शाहिद अली रसीद अली एवं रजनीश के यहां से नगद दो लाख पचास हजार एवं लगभग इतना ही रकम के कपड़े आदि समान उठा ले गए हैं एक साथ एक रात में चार घरों में चोरी की घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गयी है 'खबर लिखे जाने तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली थी।

### तन्ना पर दुवारा चौराहा और नारा में अवैध तरीके से किया गया है गिट्टी और बालू का भंडारण



**कौशाम्बी** यमुना नदी से बालू के अवैध खानन पर रोक नहीं लग रही है और माफिया जिले के गांव गांव में बालू का अवैध भंडारण कर रहे हैं अपर जिला अधिकारी से भंडारण की अनुमति लिए बिना जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जगह-जगह पर बालू और गिट्टी का बड़ा भंडारण माफियाओ द्वारा किया गया है जिसे निश्चित कीमत से ऊंचे कीमत पर माफिया खुले आम बेच रहे हैं लेकिन उसके बाद बालू और गिट्टी के अवैध भंडाराण में कार्रवाई होती नहीं दिख रही है। जनपद मुख्यालय मंझनपुर से धाता की तरफ जाने वाली सड़क में पड़ने वाले कई गांव में बालू और गिट्टी का कई स्थानों पर अवैध भंडारण किया गया है जिनके पास बालू गिट्टी के भंडारण करने की अनुमति नहीं है बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद मंझनपुर के तन्ना पर दुवारा चौराहा और नारा गांव में अवैध तरीके से गिट्टी और बालू का बड़ा भंडारण किया गया है इसके अलावा भी जिले के कई क्षेत्रों में बालू के अवैध भंडारण माफियाओ द्वारा किए गए हैं अवैध तरीके से भंडारण किए जाने से सरकार को राजस्व और रॉयल्टी का बड़ा नुकसान हो रहा है वहीं क्षेत्र में कीमत से अधिक वसूल कर लोगों का माफिया शोषण कर रहे हैं क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए अवैध तरीके से किए गए बालू भंडारण को सीज कर बालू माफियाओ पर कार्यवाही की मांग की है।

### कालेजों में शैक्षणिक व्यवस्था की हकीकत जानने पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जनपद के हाईस्कूल व इंटर कालेजों में शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लेने के लिए प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक ने सिराथू तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक नीरज केशरी ने सोमवार को विकास खण्ड कड़ा के राजकीय बालिका इंटर कालेज कड़ा, गांधी मेमोरियल इंटर कालेज दारानगर व एएसबी इंटर कालेज सैनी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं के जाकर बच्चों को पढ़ाया साथ ही प्रश्न भी पूछे। बच्चों के भविष्य को लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में जानकारी प्रदान कर जागरूक भी किया। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को शैक्षिक पंचांग के अनुसार ही शिक्षण कार्य करने को निर्देशित किया। जिससे बच्चों का ससमय कोर्स पूरा कराया जा सके।

### हजरत सैय्यद सालार हसन बाबा का मनाया सालाना उर्स




**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** सिराथू तहसील अंतगर्त शहजादपुर गाँव मे हजरत सैय्यद सालार हसन बाबा का उर्स मुबारक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सालाना उर्स का आयोजन किया गया। हजरत सैय्यद सालार हसन बाबा का सालाना उर्स सोमवार को अकीदत और एहतेराम के साथ मनाया गया। सुबह मजारे पाक का गुस्ल एवं चादर पोशी व कुरआन ख्वानी से शुरू हुआ। उर्स देर रात नातिया व तकरीर के साथ खत्म हुआ। दिन भर जायरीनों का बाबा के मजार पर आना जाना लगा रहा। भारी संख्या में लोगों ने मन्नतें मांगीं और फातेहा पढ़ा। हजरत सैय्यद सालार हसन बाबा उर्स में अकीदत मंदों की भीड़ बढ़ती रही। इसके भारी संख्या में हिंदू और मुसलमानों के उर्स में मौजूद लोग शिरकत करने से गंगा जमुनी तहजीब का मरकज बना हुआ है। बाबा के मजार पर एक ओर जहां मुसलिमों की भागीदारी होती है तो वही हिंदू आस्थावानों की गिनती भी कम नहीं होती। देर रात महफिले शमा का कार्यक्रम शुरू रहा।

### एसपी ने की अपराध समीक्षा बैठक, थानाध्यक्षों को दिए सख्त निर्देश




**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव ने सोमवार को जिले के सभी थानाध्यक्षों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में लंबित मामलों, महिला संबंधी अपराधों, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, साइबर क्राइम के साथ-साथ आइजीआरएस इंस्पेक्टर जनरल रजिस्ट्रेशन एंड स्टांप्स पोर्टल से जुड़े भूमि विवादों व फर्जी दस्तावेजों के मामलों की गहन समीक्षा की गई।एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आइजीआरएस से संबंधित मामलों को गंभीरता से लिया जाए। फर्जी रजिस्ट्री, गलत दस्तावेजों के आधार पर भूमि कब्जा, या दस्तावेजों में हेरफेर जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए और दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व व पंजीकरण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विवादित मामलों का निस्तारण तेजी से किया जाए, जिससे आमजन को न्याय मिल सके और भूमाफिया प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके।इसके साथ ही महिला अपराध, गुमशुदगी, एनडीपीएस, गैंगस्टर एक्ट, और लंबित वारंटों की प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। एसपी ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चेताया और कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# सम्पादकीय

## नफरत के खिलाफ खड़ी महिलाएं

**ऐसे** वक्त में जब देश का वातावरण एक सम्प्रदाय, कुछ समुदायों तथा कतिपय विचारों के लिये पल रही नफरत के कारण विषाक्त हो चला है, कुछ महिलाएं खुद को बड़े खतरे में डालती हुई इसके विरूद्ध उठ खड़ी हुई हैं। बेशक, उनके जैसे हजारों लोगों की तरह वे भी अलग-थलग पड़ती हुई दिख रही हैं लेकिन उम्मीद है कि उनसे प्रेरणा लेकर अन्य लोग भी साम्प्रदायिक सौहार्द्र के लिये कोशिशें करेंगे।

लोक गायिका नेहा सिंह राठौर लम्बे समय से कट्टरपंथियों के रडार पर हैं। अपने ठेठ देसी अंदाज में लिखे और गाये गीतों से वे सत्ता से कंटीले सवाल करती हैं। देश-प्रदेश की समस्याओं को वे अपने ढंग से उठाती हैं और सत्ता पर चोट करने से कतई नहीं चूकतीं। 'यूपी में का बा?' तथा 'बिहार में का बा?' वाले गीतों की उनकी श्रृंखला खासी लोकप्रिय हुई थी। बदहाली, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, कोरोना के कुप्रबंधन आदि पर उन्होंने सरकार पर तीखे हमले किये हैं। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर उन्होंने केन्द्र सरकार से अपने गीतों के जरिये सवाल किये जो पार्टी समर्थकों को नागवार नहीं गुजरे। उनके खिलाफ लखनऊ तथा अयोध्या में एफआरआई दर्ज करा दी गयी है। यह भाजपा तथा उनसे जुड़े संगठनों का वही पैंतरा है जिसके अंतर्गत समाज सेवकों, मानवाधिकार कार्यकताओं, पत्रकारों आदि के खिलाफ मामले दर्ज होते हैं।

नेहा के खिलाफ राजद्रोह की शिकायत दर्ज की गयी है। हालांकि वे इस बात से घबराई हुई नहीं है और वे लगातार अपने वीडियो प्रसारित कर बतला रही हैं कि वे सत्ता से सवाल करना छोड़ेंगी नहीं। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. माद्री काकोटी भी लम्बे समय से वीडियो डालकर शासकीय कार्य प्रणाली की खामियां उजागर करती रही हैं। उनके खिलाफ भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर दी गयी है। नेहा तथा माद्री से भाजपा सरकारों की खुन्नस पुरानी है, वैसी ही जिस प्रकार स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा आदि से है जिसके खिलाफ पिछले दिनों उनके कार्यक्रम को लेकर नाराज महाराष्ट्र सरकार ने मामला दर्ज कर लिया था। ये दोनों मामले उनकी अभिव्यक्ति को लेकर रहे हैं, पर इसके विपरीत जो अन्य महिलाएं नफरतियों के कोप का शिकार हो रही हैं, वे हाल के घटनाक्रमों के चलते हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम (कश्मीर) के बैसरन घाटी में आतंकियों की फायरिंग से जो 26 पर्यटक मारे गये, उनमें से एक हिमांशी के पति लेफ्टिनेंट जनरल विनय नरवाल भी थे। 16 अप्रैल को दोनों की शादी हुई थी। इस घटना के बाद हिमांशी ने बेहद संयम व विवेक का परिचय देते हुए लोगों से अपील की कि 'चाहे आतंकियों ने उनके पति को कथित रूप से उनका धर्म पूछकर गोली मारी हो, फिर भी देश के मुसलमानों और कश्मीरियों को टारगेट न किया जाये।' ऐशान्या के पति शुभम द्विवेदी की भी आतंकियों ने हत्या की। उन्होंने इस घटना का ब्यौरा देते हुए कहा कि 'दो हजार पर्यटकों के वहां होने के बावजूद एक भी पुलिस वाला या सुरक्षाकर्मी नहीं था।' उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि 'जिस सरकार के भरोसे वे वहां गये थे, उसने हम पर्यटकों को अनाथ छोड़ दिया।

# भारत-पाकिस्तान सैन्य गतिरोध में कहां खड़ा है भारत?

**- नित्य चक्रवर्ती**



**भारतीय** टीवी चैनलों और राष्ट्रीय मीडिया के एक हिस्से ने दोहराया कि मोदी का पाकिस्तान के खिलाफ हमला निश्चित रूप से होने वाला है। बुधवार, 30 अप्रैल को स्थिति पूरी तरह बदल गयी, जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों को फोन करके दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाये रखने का आह्वान किया।

22 अप्रैल को पहलगाम में 26 लोगों की नृशंस हत्या को दस दिन बीत चुके हैं। अगले दिनों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई उपायों की घोषणा कर के देश के उबलते मूड को बढ़ावा दिया, जिसमें 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी शामिल है। उसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी कदम उठाये, जिनमें 1972 के शिमला समझौते से बाहर आना भी शामिल रहा।

29 अप्रैल को, प्रधानमंत्री ने अपने सैन्य प्रमुखों के साथ बैठक की और कथित तौर पर उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के समय और प्रकृति पर निर्णय लेने के लिए पूर्ण स्वतंत्रता दी। उसी रात, पाकिस्तान के सूचना मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि-पाकिस्तान को अपनी खुफिया रिपोर्टों के आधार पर आशंका है कि भारत 2-3 दिनों के भीतर सैन्य हमला करेगा, और उस स्थिति में उनका देश पूरी तरह से तैयार है।

भारतीय टीवी चैनलों और राष्ट्रीय मीडिया के एक हिस्से ने दोहराया कि मोदी का पाकिस्तान के खिलाफ हमला निश्चित रूप से होने वाला है। बुधवार, 30 अप्रैल को स्थिति पूरी तरह बदल गयी, जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों को फोन करके दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाये रखने का आह्वान किया। स्वर काफी केंद्रित था और इसमें ट्रंप जैसा स्वर नहीं था, जिन्होंने शुरू में यह आभास दिया था कि अमेरिका उनके प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिशोध के रूप में की जाने वाली हर चीज के साथ जायेगा।

यदि रुबियो की टिप्पणियों का विश्लेषण किया जाये, तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग करने की संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। हालांकि, साथ ही, हमले में शहबाज शरीफ सरकार की किसी भी संलिप्तता का उल्लेख किये बिना, रुबियो ने विनम्रतापूर्वक तनाव कम करने की मांग करते हुए औपचारिक रुख अपनाया। गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग के बयान में यह उल्लेख किया गया था कि रुबियो और शरीफ दोनों ने हिंसा के जघन्य कृत्यों के लिए आतंकवादियों को जवाबदेह ठहराने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

पाकिस्तान पर किसी भी संभावित भारतीय सैन्य हमले के लिए अमेरिका के नवीनतम रुख का क्या मतलब है, जिसमें दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच पूर्ण युद्ध में वृद्धि की संभावना है? सबसे पहले, रुबियो भारत द्वारा अपराधियों का पता लगाने की अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ाने के पक्ष में हैं, और वह चाहते हैं कि पाकिस्तान अपनी ओर से इस कार्य में पूरा सहयोग करे। रुबियो ने पहलगाम नरसंहार पर राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं को दृढ़ता से व्यक्त किया होगा। लेकिन साथ ही, रुबियो ने कोई संकेत नहीं दिया है कि शहबाज शरीफ सरकार का पहलगाम नरसंहार में शामिल आतंकवादियों के साथ सीधा संबंध है।

रुबियो की शरीफ के साथ बातचीत के बारे में, अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि उन्होंने आतंकी हमले की निंदा करने की आवश्यकता के बारे में बात की। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने आतंकवादियों को उनकी जघन्य हिंसा के लिए जवाबदेह ठहराने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि 'सचिव ने इस अमानवीय हमले की जांच में पाकिस्तानी अधिकारियों से सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने पाकिस्तान को तनाव कम करने और दोनों देशों के बीच सीधे संचार को फिर से स्थापित करने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।'

22 अप्रैल के पहलगाम नरसंहार के दस दिन बाद का यह परिदृश्य जून 2002 में भारत-पाकिस्तान सैन्य गतिरोध से कई समानताएं रखता है, जब पश्चिमी देशों को जानकारी मिली कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान पर हमला करने का फैसला किया है। दिसंबर 2001 में दिल्ली में भारतीय संसद पर पाक-प्रेरित आतंकवादी हमले और उसके बाद मई 2002 में जम्मू के कालूचक में एक और नरसंहार के बाद वाजपेयी ने पाकिस्तान के साथ बातचीत की सभी उम्मीदें खो दी थीं। भारतीय अभियान को ऑपरेशन पराक्रम नाम दिया गया था। भारत और पाकिस्तान दोनों ने नियंत्रण रेखा पर भारी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और नौसेना तथा सेना की टुकड़ियाँ पूरी तरह से तैयार थीं।

लेकिन फिर, अमेरिका ने जोरदार हस्तक्षेप किया। दक्षिण एशिया की देखरेख करने वाले अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारी रॉबर्ट आर्मिटेज ने दिल्ली में घंटों बिताकर भारतीय पक्ष को युद्ध टालने के लिए मनाया और वायदा किया कि विदेश मंत्री कॉलिनपॉवेल पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ से पाकिस्तान के अंदर आतंकी शिविरों को हटाने और पाकिस्तानी धरती से सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बारे में बात कर रहे हैं। पॉवेल आखिरकार सफल हुए और युद्ध टल गया, हालांकि प्रधानमंत्री वाजपेयी खुश नहीं थे। लेकिन साथ ही, उन्हें पता था कि अमेरिका को नाराज करके भारत के लिए पाकिस्तान के साथ युद्ध करना संभव नहीं था।

दिलचस्प बात यह है कि मैं जून 2002में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच एक अलग असाइनमेंट पर मास्को में था। जिस दिन मैं मास्को से दिल्ली लौट रहा था, मैंने हवाई अड्डे पर पाया कि प्रधानमंत्री के तत्कालीन प्रधान सचिव ब्रजेश मिश्रा भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली के लिए एक ही उड़ान में सवार थे। मुझे आश्चर्य हुआ क्योंकि प्रधानमंत्री के पास कोई कार्यक्रम नहीं था।

मॉस्को में मिश्रा और वाजपेयी मध्य एशियाई राज्य के दौरे पर थे। मुझे एक अधिकारी ने बताया कि मिश्रा को प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूसी अधिकारियों से भारत-पाक गतिरोध पर नवीनतम स्थिति के बारे में बात करने के लिए भेजा था, जो पूरे दक्षिण एशिया को प्रभावित करने वाले किसी भी भारतीय भू-राजनीतिक शतरंज चाल पर रूसी रुख के महत्व को दर्शाता है।

2002 जून की घटना ने प्रदर्शित किया है कि प्रधानमंत्री मोदी को भी पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पहले कई कारकों को ध्यान में रखना होगा। टीवी चैनल दावा कर सकते हैं कि हमला आसन्न था। भाजपा समर्थक पाकिस्तान के आने वाले अपमान का इंतजार कर रहे हो सकते हैं। कुछ स्वघोषित विशेषज्ञ आक्रामक टीवी मीडिया पर कह सकते हैं कि पाकिस्तान चार भागों में विभाजित होगा।

लेकिन जमीन पर भू-राजनीतिक वास्तविकता काफी अलग है। प्रधानमंत्री मोदी भी इसे जानते हैं। सैन्य प्रमुखों को कार्रवाई की प्रकृति पर निर्णय लेने की पूरी स्वतंत्रता देने के बाद, प्रधानमंत्री को किसी भी मजबूत कार्रवाई का संकेत देने से पहले यह देखना होगा कि अमेरिका सीमा पार आतंकवाद को रोकने और आतंकी शिविरों को खत्म करने के लिए भारत को क्या आश्वासन दे सकता है।

# दो ट्रकों की भिड़ंत, चालक गंभीर रूप से घायल, घंटों जाम में फंसे रहे वाहन

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर । जनपद के** थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद क्षेत्र के रघुवरगंज चट्टी के निकट सोमवार तड़के लगभग 6 बजे हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों ट्रकों के चालक बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के कारण बलिया-गाजीपुर मार्ग पर घंटों यातायात ठप रहा।

जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 6 बजे रघुवरगंज के पास एक संकरे मोड़ पर यह हादसा हुआ। एक ट्रक मकई लादकर बलिया से गाजीपुर की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा ट्रक बालू लेकर मुहम्मदाबाद से बलिया की ओर आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों ट्रकों की गति काफी तेज थी



और मोड़ पर नियंत्रण न रखने के कारण वे सीधी टक्कर में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों चालक केबिन में फंस गए। घटनास्थल पर तेज धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से मुहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रकों को हटवाकर यातायात बहाल कराया। इस बीच मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि दुर्घटना तेज रफ्तार, चालक की लापरवाही या सड़क की खराब स्थिति के कारण हुई। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर ट्रैफिक नियंत्रण और सड़क सुधार को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की है, जिससे ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो ।

# क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार सिंह,के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ का चला अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज नगर** में पिछले काफी समय से अतिक्रमणकारियों द्वारा सड़को पर अतिक्रमण किया गया है।

अभियान चलाकर स्वतः अतिक्रमण हटाने की दी गई चेतावनी। सोमवार को,राजीव ,छेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान छेत्राधिकारी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग,सदर मोहाल, खड़हट्टी,पश्चिम मोहाल,अंजही मोहाल में सड़कों तक अतिक्रमण किए अतिक्रमणकारियों को स्वतः अतिक्रमण हटा लेने की कड़ी हिदायत दी गई। भारी संख्या में पुलिस के साथ नगर पालिका के कर्मचारी व राजस्व कर्मी भी रहे। अधिकारियों ने शीघ्र अतिक्रमण नही हटा लेने पर कार्यवाही की चेतावनी दी।

इस दौरान प्रभारी यातायात अनिलकुमार सिंह मय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# थाना औराई क्षेत्र में मिला अज्ञात युवक का शव

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । सोमवार** को थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ा सीउर निवासी शिवम सरोज पुत्र नंदलाल सरोज उम्र करीब 20 वर्ष की मृत्यु हो गई है। शव सीउर नहर के पास पड़ा मिला जिसके सर में चोट लगी हुई थी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी औराई, प्रभारी निरीक्षक औराई एवं पर्याप्त पुलिस बल द्वारा फील्ड यूनिट टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया गया है। मृतक के परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना औराई पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा पुलिस टीम द्वारा घटना के सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।



# महिला कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न, लापरवाही पर डीपीओ का वेतन रोका गया

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर । विकास** भवन सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग अन्तर्गत योजनाओं की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना अन्तर्गत कुल 15 पत्रावलियों पर बैठक हुई। मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत संचालित राजकीय /स्वैच्छिक संस्थाओं की व्यवस्था सुदृढ किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा मा० न्यायालय एवं विभागीय निदेशों के क्रम में संस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संस्था का संचालन किया जाए।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) तथा स्पांशरसिंप योजनान्तर्गत लम्बित पत्रावलियों का जल्द से जल्द अनुमोदन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अन्तर्गत क्रय किये गये




लैपटाप का जनप्रतिनिधियों द्वारा यथाशीघ्र वितरण कराया जाय। योजनाओं के लम्बित पत्रावलियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी से स्पष्टीकरण मागते हुए वेतन रोकने करने का निर्देश दिया।

# इस बार टोपी में से जाति गणना निकाली

**इस बार टोपी में से जाति गणना निकाली**

**- शकील अख्तर**




**जनता** को एक के बाद एक नए मुद्दे में उलझाना। इसे खुश होकर उनके भक्त कहते हैं कि यह हेडलाइन मैनेजमेंट हैं। खबरों की सुर्खियों में हम ही रहेंगे। टोपी में से कबतूर निकालने का जादू चलता रहेगा। इस बार जब 26 पर्यटकों की पहलगाम में हत्या हुई और लोग इसके जवाब में आतंकवाद का खात्मा मांग रहे थे तो मोदी जी ने टोपी में से जाति गणना निकाल दी।

लड़ाई तो अब शुरू होगी। जाति गणना की राहुल गांधी की मांग को मोदी सरकार को मानना पड़ा। आम जनगणना में इस बार जातिवार गणना भी होगी। मगर गिनती हो जाना ही अपने आप में कुछ नहीं है। दलितों की आदिवासियों की गिनती है। दस साल बाद होने वाली हर जनगणना में होती है। हालांकि मोदी सरकार ने अभी तक जनगणना ही नहीं करवाई। 2021 में होना थी। मगर कोविड के बहाने उसे टाल दिया गया। जबकि 2021 में ही 5 राज्यों बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल, पुदुचेरी के विधानसभा चुनाव करवाए। इससे पहले 2020 में बिहार, दिल्ली के। और 2022 में उत्तर प्रदेश के चुनाव भी हुए। चुनाव कभी नहीं टाले। मगर पांच साल लेट हो गई जनगणना।

जनगणना में सरकार के सामने सबसे बड़ी समस्या यही थी कि वह जाति गणना से कैसे बचे। मोदी सरकार ने उस समय संसद में कहा था कि वह अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा किसी और समुदाय की गणना नहीं करवाएगी। ऐसा ही जवाब उसने एक हलफनामे के जरिए सुप्रीम कोर्ट को दिया था। 2021 के बजट में जनगणना के लिए जो पैसा रखा था उसे केंसिल किया ( विलंबित ) अगले साल 2022 तक के लिए। अगले साल फिर 2023 तक के लिए। सरकार जाति गणना से बचने के लिए जनगणना को भी अभी तक टालती रही।

मगर अब उसने अचानक यह फैसला ले लिया। इस पर बहुत सारी बातें हैं। सवाल हैं। कि अचानक क्यों?

देश जब पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहा था। पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा था तब अचानक प्रधानमंत्री मोदी फैसला करते हैं कि हम तो जातिवार गणना कराएंगे।

11 साल से लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। जनता जब जो चाहती है उसे वह न देकर दूसरे मामले में उलझा दिया जाता है। बेरोजगार नौकरी मांगते हैं उनसे कहा जाता है कि वह तुम्हारी भैंस खोल ले जाएंगे। महिलाएं कहती हैं कि आपने तो कहा था- 'बहुत हुआ नारी पर वार अबकी बार मोदी सरकार!' तो कहते हैं कि अब तुम्हारा मंगल सूत्र ले जाएंगे! कुछ भी कह देते हैं। और कुछ नहीं मिला तो कह दिया कि मैं बायलॉजिकल ( मां की कोख से जनमा ) नहीं हूं।

जनता को एक के बाद एक नए मुद्दे में उलझाना। इसे खुश होकर उनके भक्त कहते हैं कि यह हेडलाइन मैनेजमेंट हैं। खबरों की सुर्खियों में हम ही रहेंगे। टोपी में से कबतूर निकालने का जादू चलता रहेगा। इस बार जब 26 पर्यटकों की पहलगाम में हत्या हुई और लोग इसके जवाब में आतंकवाद का खात्मा मांग रहे थे तो मोदी जी ने टोपी में से जाति गणना निकाल दी। जाति गणना तो बहुत पुरानी मांग है। होना चाहिए थी। मगर इस समय घोषणा कुछ और चाहिए थी। आतंकवाद के खिलाफ। और घोषणा नहीं कार्रवाई। मगर मोदी जी को आदत पड़ गई है बातों से लोगों को बहलाने की। आखिर 11 साल से यही कर रहे हैं। मगर इस बार संभव नहीं लगता।

दो बड़ी बातें हैं। पहली, बार-बार सीमा पार से आकर यहां लोगों को मारे जाने की घटनाएं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होना। पुलवामा में चालीस जवान शहीद, गलवान में बीस जवान और अब पहलगाम में 26 पर्यटक। दूसरी बात, इनके जवाब में जो मोदीजी जो जाति गणना लाए हैं वह उन्हें उलटी पड़ रही है। आरएसएस और भाजपा के मूल विचार यथास्थितिवाद के खिलाफ है। यह दक्षिणपंथी संगठन सामाजिक ढांचे में बदलाव के सख्त खिलाफ हैं। लेकिन समय की ऐसी बलिहारी है कि देश में सामाजिक ढांचे के बदलाव के आज तक के सबसे बड़े काम की घोषणा मोदी जी के हाथों होना थी। हो गई।

बहुत अच्छा हुआ। सोचिए अगर यह घोषणा राहुल गांधी करते तो क्या होता? 1990 याद कर लीजिए। उसी तरह देश भर में बीजेपी इसके विरोध में हिंसक आंदोलन शुरू कर देती। युवाओं का आत्मदाह याद है! क्या भयावह समय था। वीपी सिंह को आज तक गालियां देते हैं।

मोदी जी की घोषणा से एक लाभ यह जरूर हुआ कि प्रतिक्रियावादी ताकतें मुख्यतः ओबीसी और दलित आदिवासी के खिलाफ खुल कर नहीं आ पा रही हैं। केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर बहुत गंदगी फैलाई जा रही है। मगर वहां कब नहीं फैला रहे थे ये लोग? फर्क बस इतना था कि पहले मुस्लिम के खिलाफ फैला रहे थे और अब पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, आदिवासी के खिलाफ।

मामला पूरा यू टर्न ले गया। अभी तक इस वर्ग को समझा रहे थे कि मुस्लिम तुम्हारे खिलाफ है। झारखंड के चुनाव में तो इस बार प्रधानमंत्री मोदी ने बोल ही दिया था कि बेटी ले जाएंगे। मगर मजबूरी में जैसे ही जाति गणना की घोषणा की तो सारा नजला पिछड़ा अति पिछड़ा दलित आदिवासी पर गिरने लगा। उसकी सारी सेवाएं भूल गए कि उनको ही आगे ले जाकर मस्जिदों के बाहर नाचते और नारे लगाते थे। 11 साल में देश में हिन्दू-मुसलमान हवा बनाने के लिए सबसे ज्यादा उपयोग समाज के इस वंचित समाज का ही किया। और अब उसे ही गालियां दी जा रही हैं। दूसरा बड़ा सेटबैक समाज की उच्च जातियों को भी लगा। आज तक का सबसे बड़ा धक्का। हमला। दिखाते तो इसे भी मुसलमान मुसलमान ही रहे। मगर छीन इसका सारा प्रिवलेज ( विशेषाधिकार) लिया।

# वक्फ पर भाजपा का वार, अब नहीं चलेगा कब्जा-कारोबार



गोष्ठी में बोलते प्रभारी मंत्री

0 मुस्लिम महिलाओं को मिला हक

0 कांग्रेस-सपा पर बरसे मंत्री

**चित्रकूट।** जिला पंचायत में भाजपा की अल्पसंख्यक प्रबुद्धजन संगोष्ठी में वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर राजनीतिक गर्मी बढ़ गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंथ पहुंचे। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद असलम व अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने की।

प्रभारी मंत्री पंथ ने कांग्रेस व अन्य परिवारवादी दलों पर हमला करते हुए कहा कि सालों तक अल्पसंख्यकों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस व सपा जैसी पार्टियों ने मुस्लिम समाज के लिए न तो कोई योजना बनाई और न ही कोई ठोस काम किया। आज मोदी व योगी की सरकारें योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा रही हैं।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद असलम ने वक्फ बोर्ड की सच्चाई को उजागर करते हुए कहा कि खरगे व ओवैसी जैसे नेता मुस्लिम समाज को भ्रमित कर रहे हैं। वक्फ की संपत्तियाँ इन नेताओं की कमाई का जरिया बन चुकी थीं। पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए वक्फ अधिनियम संशोधन ने न सिर्फ पिछड़े तबके के मुस्लिमों को बोर्ड से जोड़ा, बल्कि मुस्लिम महिलाओं को भी वक्फ अधिकारों में भागीदारी मिली। अब कोई मुतवल्ली वक्फ की संपत्तियों से मनमानी नहीं कर सकेगा। जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस व सपा जैसी पार्टियां मुस्लिम समाज को भड़काकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकती रहीं, जबकि भाजपा की डबल इंजन सरकार पारदर्शी शासन और विकास की राह पर चल रही है। संगोष्ठी में पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना उपाध्याय, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद रहे।

अंधेरे में बैठक-प्रशासनिक तैयारियों पर उठे सवाल

जिला पंचायत कार्यालय में वक्फ बोर्ड कानून को लेकर हुई बैठक में अचानक बिजली गुल हो गई। हैरानी की बात यह रही कि प्रभारी मंत्री को अंधेरे में ही मीटिंग करनी पड़ी। कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने से अधिकारियों की लापरवाही उजागर हो गई। बैठक अंधेरे में जारी रही, जिससे प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## यातायात पुलिस को हाईटेक संसाधनों की सौगात

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक प्रबंधन को सशक्त बनाने को सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में यातायात पुलिस को अत्याधुनिक उपकरण सौंपे गए।

इस मौके पर यातायात पुलिस को एसी हेलमेट, पानी की बोतलें, तथा एक इंटरसेक्टर दोपहिया वाहन दिया गया, जिसे प्रभारी मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसपी अरुण कुमार सिंह ने इस मौके पर यातायात पुलिस को निर्देशित किया कि हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग, तीन सवारी से परहेज, तेज रफ्तार और काली फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करें। कार्यक्रम में आमजन को भी ट्रैफिक नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई और बताया गया कि दक्षता, तकनीक और संवेदनशीलता के साथ कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रभारी राज्यमंत्री (सेवानियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) मन्नूलाल कोरी, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, चित्रकूटधाम मंडल के कोऑपरेटिव अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।



यातायात पुलिस को हरी झंडी दिखाते प्रभारी मंत्री

## चित्रकूट में जंगलराज की बुलेट स्टोरी, खेत बना रणभूमि

**रैपुरा/चित्रकूट।** जिले में कानून व्यवस्था एक बार फिर सवालों के कटघरे में है। रैपुरा थाना क्षेत्र के देवधा गांव स्थित ककरौली पुरवा में खेत में पेड़ काटने को लेकर हुए मामूली विवाद ने ऐसी आग पकड़ी कि खेत ही रणभूमि बन गया। बात-बात में बंदूकें तन गईं और खेत में दिनदहाड़े गोलियों की बौछार होने लगी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी, वरना ये खबर शोक संदेश में बदल सकती थी।

ज्ञात है कि गांव में दो नीम के पेड़ बिना बताये काट दिए गए। इतना ही काफी था दूसरे पक्ष की बौखलाहट के लिए। देखते ही देखते कहासुनी फायरिंग में बदल गई। खेत में तनी रायफल और उसके बाद चली अंधाधुंध गोलियों ने पूरे गांव को दहशत के साए में धकेल दिया। ग्रामीण इधर-उधर भागे, कई जानें बाल-बाल बचीं। घटना का वीडियो वायरल हो गया है और पुलिस अब जांच का कर रही है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि हथियार को जब्त कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस का हमला

घटना के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने योगी सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए इसे महाजंगलराज का महाडरावना नजारा करार दिया। कांग्रेस प्रवक्ताओं ने कहा कि गांव में फसल नहीं, अब खून बहने का डर है। जनता भय के साए में जी रही है और सरकार अपराधियों को खुला मैदान दे रही है।

## चित्रकूट का खनन माफिया निकला जमीन हड़पने वाला काला मुगल

निरंजन पाण्डेय

- माफिया का सिंडिकेट बेनकाब
- करोड़ों की लूट का पदार्फाश
- जांच के नाम पर कागजों में खानापूर्ति

**भरतकूप/चित्रकूट।** जिले की पावन धरती पर एक और धधकती सच्चाई सामने आई है- खनन के नाम पर पहाड़ों को चबाने वाला माफिया आम जनता की जमीनें भी निगलने लगा है। इस पूरे घोटाले का सरगना है एक जायसवाल, जो खनन माफिया से एक कदम आगे बढ़कर भू-माफिया का भी सरताज बन बैठा है। करोड़ों की भूमि को फर्जी दस्तावेजों के दम पर हड़पने वाले इस माफिया के काले खेल का पदार्फाश किया है एक 90 वर्षीय बुजुर्ग ने- भगवानदीन।

भगवानदीन ने जब देखा कि उनके गांव की जमीनों पर कब्जा कर कूटरचित दस्तावेजों के जरिए यह जायसवाल मालामाल हो रहा है, तो उन्होंने जिले के अफसरों की मिलीभगत की परतें खोल दीं। साफ है कि तहसील के तमाम अधिकारी इस माफिया के इशारों पर नाच रहे हैं। मामला सिर्फ एक जमीन का नहीं, पूरे इलाके में दर्जनों प्लॉट, खेती की जमीनें और खनन से जुड़ी लोकेशन इस माफिया ने अपने कब्जे में कर रखी हैं। इसका नेटवर्क इतना मजबूत है कि उसके खिलाफ कोई जांच शुरू होने से पहले ही मैनेज हो जाती है। कोई गिरफ्तारी नहीं, न ही मुकदमा- सिर्फ दिखावटी खानापूर्ती। ये वही माफिया है, जिसकी खदानों में जिंदा मजदूर तक मिट्टी में दब जातें हैं और प्रशासन सिर्फ जांच जारी है कहकर अपना पल्ला झाड़ लेता है। आमजनमानस को अब पता चलेगा कि खनन में दबंगई के साथ जमीनों पर भी उसकी तूती बोलती है। बिना किसी डर के, बिना किसी रोक-टोक के- मानो चित्रकूट उसकी जागीर बन गई हो।

बड़ा सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन और राजस्व विभाग जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं? क्या भगवानदीन जैसे बुजुर्ग की आवाज इस पत्थरदिल सिस्टम को भी नहीं जगा सकती? क्या जांच सिर्फ फाइलों में सड़ने के लिए होती है, और कानूनी प्रक्रिया सिर्फ रसूखदारों की ढाल बन गई है?

**क्या हैं धंधे**

खदानों में अवैध ब्लास्टिंग, मजदूरों की जान से खिलवाड़ व कागजों से जमीन हड़पने का घिनौना षड्यंत्र- सब इनके ही धंधे है। जांच इनके लिए सिर्फ एक क्लोजर रिपोर्ट होती है।

**क्या है जवाब**

जब आरोपी से बात की गई तो उन्होने बताया कि भगवानदीन मेरा चाचा है और हम लोगों का पारिवारिक मामला है, मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। आगे कहा कि लगाए गए आरोप के क्या साक्ष्य हैं? सभी आरोप फर्जी हैं। उनके जवाब देने का आत्मविश्वास दिखाता है कि तैयारी कितनी मजबूत है?

## 10 लीटर अवैध महुआ शराब समेत एक गिरफ्तार

**चित्रकूट।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में मानिकपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश व प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में दारोगा कुंवर प्रखर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने एक आरोपी को 10 लीटर कच्ची देशी महुआ शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पंकज कुमार पुत्र रमेश निवासी ग्राम सेहकट मजरा कोटा कंडैला थाना मानिकपुर के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उसे एक प्लास्टिक की कट्टी में 10 लीटर अवैध देशी महुआ शराब के साथ दबोचा। आरोपी के विरुद्ध थाना मानिकपुर पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस कार्रवाई में सिपाही अजीजउद्दीन ने भी सराहनीय भूमिका निभाई।

## पूर्व छात्र नेता नरेंद्र ओझा की माता का निधन

**चित्रकूट।** अतर्रा महाविद्यालय के पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ओझा एवं वीरेंद्र कुमार ओझा की माता विमला देवी पत्नी रामजी ओझा का निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थीं। उनका निधन 04 मई दिन रविवार को उनके निवास नरैनी रोड, अतर्रा पर हुआ। परिवार में शोक की लहर है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं शिक्षाविदों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## जहां नल वहां जल, डीएम ने जल संकट पर कसी लगाम

- गांव-गांव पानी की गूंज
- समीक्षा में फूटा डीएम का गुस्सा
- जवाबदेही तय करने पर जोर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में चांदी बांगर, सिलौटा व रैपुरा समेत कई ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं को सख्त निर्देश दिए कि जिन-जिन गांवों में सड़कों के टूटने या खोदाई के बाद मरम्मत न होने की शिकायतें मिल रही हैं, वहां तत्काल गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य कराया जाए। कहा कि पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों को उनकी पूर्व स्थिति में वापस लाना अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने जल निगम को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर ओवरहेड टैंक (ओएसटी) का निर्माण अधूरा है, वहां कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए।

यह भी कहा कि जिन गांवों में अब तक जल कनेक्शन नहीं दिए गए हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर कनेक्शन देकर परीक्षण उपरांत नियमित जल आपूर्ति कराएं। सख्त लहजे में कहा कि सुनिश्चित करें कि हर घर नल से जल की परिकल्पना पूरी हो, व जहां नल की टोंटियां चोरी या टूटने की घटनाएं हो रही हैं, वहां ग्रामीणों को जिम्मेदारी की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल संकट वाले क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से पांच स्थानों पर प्याऊ लगाने को को कहा। विशेष तौर पर चांदी बांगर क्षेत्र को पिछड़ा बताते हुए वहां फोकस के साथ कार्य कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जहां विद्युत आपूर्ति में बाधा है, वहां स्वयं का जनरेटर लगाकर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी हालत में जनता को पानी की समस्या न हो। जिलाधिकारी ने सुबह और शाम के निर्धारित समय पर नियमित जलापूर्ति की मॉनिटरिंग करने और जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जलापूर्ति वाले स्थानों का ग्राम प्रधानों के माध्यम से सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

बैठक में एडीएम नमामि गंगे श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, अधिशासी अभियंता अभियंत्रिक अमित कुमार, टीपीआई, सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर तथा संबंधित कार्यदाई संस्थाएं मौजूद रहीं।



जल जीवन मिशन की बैठक लेते डीएम

## कपड़ा खरीदने निकले युवक की बुलेरो से टक्कर में दर्दनाक मौत

**शादी की खुशियां बदलीं मातम में**

अखंड भारत संदेश

**रामनगर/चित्रकूट।** खुशियों से भरा एक घर चंद पलों में मातम में डूब गया जब देवरा गांव के रहने वाले 20 वर्षीय युवक विष्णु कुमार की एक तेज रफ्तार बुलेरो ने जान ले ली। हादसा सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे रामनगर थाना क्षेत्र के खंडेहा में हुआ जब विष्णु अपने मामा राजेश कुमार (निवासी कौबरा) के साथ कपड़ा खरीदने जा रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, खंडेहा की ओर से आ रही बुलेरो ने बाइक को इतनी जबरदस्त टक्कर मारी कि विष्णु सड़क पर दूर जा गिरा। आसपास के लोगों ने तत्काल दोनों को मऊ सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने विष्णु को मृत घोषित कर दिया। वहीं मामा राजेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। हृदयविदारक पहलू यह है कि विष्णु की चचेरी बुआ सुमित्रा की शादी सोमवार को ही थी और उसी की तैयारी के लिए वह कपड़े खरीदने निकला था। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। बारात के स्वागत की तैयारियों के बीच जब घर में बेटे की मौत की खबर पहुंची तो हर तरफ कोहराम मच गया। विष्णु अपने परिवार में दो भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। उसकी मां बिट्टी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। गांवभर में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही आरोपी वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।




## डीजे की धुन पर बरसीं लाठियां एक ही परिवार के चार घायल

**शादी के जश्न में घुला खून का शोर**

अखंड भारत संदेश

**बरगढ़/चित्रकूट।** शादी का घर, डीजे की तेज धुनें, हंसी-ठिठोली और रंग-बिरंगी सजावटें लेकिन शाम होते-होते सब कुछ बदल गया। बरगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरा ग्राम पंचायत के मजरा केंचुहट में रविवार की शाम डीजे की धुन पर खून की लहर दौड़ गई, जब एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ा कि लाठियां चल गईं और चार लोग घायल होकर अस्पताल पहुंच गए।

घटना रविवार करीब शाम चार बजे की है। ाात है कि गांव निवासी किसन के घर शादी समारोह का आयोजन था। डीजे बज रहा था, मेहमान मौजूद थे। इसी दौरान परिवार के ही दूसरे पक्ष के लोगों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला हाथापाई और फिर खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट में किसन के 60 वर्षीय दादा बृजमोहन पाल पुत्र राजाराम पाल के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे सिर फट गया। वहीं उसके चाचा कल्लू पाल (50) पुत्र छुटकौना को भी गंभीर चोटें आईं। दूसरे पक्ष के रामपाल (45) पुत्र हीरालाल और लवलेश पाल (26) पुत्र धर्मपाल भी घायल हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज तिवारी ने बताया कि दोनों पक्ष एक ही परिवार से जुड़े हैं और पहले मुंबई में साथ काम करते थे। वहीं किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ था, जो अब तक रंजिश बनकर जमीन पर आ गया। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच जारी है।



## पर्यटन नीति के प्रचार-प्रसार को राही पर्यटक गृह में आयोजन

**होटल उद्योग को मिलेगा अनुदान**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 में चित्रकूट जनपद में पर्यटन को गति देने के लिए राही पर्यटक आवास गृह में एक प्रचार-प्रसार व उद्यम संवर्द्धन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जिले के पर्यटन से जुड़े होटल व्यवसायियों, प्राधिकरणों, बैंक प्रतिनिधियों और व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चित्रकूट के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और होटल एसोसिएशन की ओर से उद्यमियों को पर्यटन नीति के तहत पूंजीगत अनुदान का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम न सिर्फ स्थानीय पर्यटन को सशक्त करेगा, बल्कि चित्रकूट के आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी की भूमिका सराहनीय रही, जिनके मार्गदर्शन में होटल उद्यमियों को शीघ्रता से पंजीकरण कराने, निरीक्षण प्रक्रिया पूर्ण कराने और अपने प्रोजेक्ट्स को शुरू करने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि अब होटल व्यवसायियों को पूंजीगत अनुदान व ऋण सुविधाएं सरलता से मिल सकेंगी, जिससे पर्यटन उद्योग को जमीनी मजबूती मिल सके। इस मौके पर प्राधिकरण के अधिकारी और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की और पर्यटन उद्यमियों को लोन प्रक्रिया और योजनाओं की जानकारी दी।




उद्यम संवर्द्धन कार्यक्रम में चर्चा करते अतिथि

# 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' बता डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी फिल्मों पर लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ

**वाशिंगटन। अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को विदेशी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमेरिका में फिल्म उद्योग बहुत तेजी से खत्म हो रहा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।

उन्होंने अन्य देशों पर आरोप लगाया कि वे तरह-तरह के प्रोत्साहन देकर फिल्म निमार्ताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर कर रहे हैं।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, "अमेरिका में उद्योग तेजी से खत्म हो रहा है। अन्य देश हमारे फिल्म निमार्ताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर करने के लिए कई तरह के प्रोत्साहन दे रहे हैं। हॉलीवुड और अमेरिका के कई अन्य क्षेत्र तबाह हो रहे हैं। यह अन्य देशों का सुनियोजित प्रयास है और इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।"



उन्होंने आगे कहा, "यह प्रचार और संदेश भी है। इसलिए, मैं वाणिज्य विभाग और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव को तुरंत उन सभी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ शुरू करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दे रहा हूं, जो विदेशों में बनी हैं और हमारे देश में आ रही हैं। हम चाहते हैं कि अमेरिका में फिर से फिल्में बनाई जाएं।"

रविवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने हॉलीवुड में पिछले कुछ वर्षों में फिल्म निर्माण में कमी के लिए कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि अन्य देश अमेरिका से फिल्में और फिल्म निर्माण की क्षमताएं चुरा रहे हैं।

ट्रंप ने कहा, "अगर वे संयुक्त राज्य अमेरिका के अंदर फिल्म बनाने के लिए तैयार नहीं हैं, तो हमें फिल्मों के आने पर टैरिफ लगाना चाहिए।"

रिपोर्ट्स के अनुसार, बजट में कटौती और बाहर अधिक आकर्षक टैक्स प्रोत्साहनों के कारण कैलिफोर्निया में फिल्म निर्माण कम हुआ है। इसके अलावा, हाल के वर्षों में अमेरिकी फिल्म उद्योग को कई आर्थिक झटके लगे, जिनमें हॉलीवुड मजदूर हड़ताल और कोविड महामारी शामिल हैं।

जनवरी में ट्रंप ने तीन फिल्म स्टार्स- जॉन वॉइट, मेल गिब्सन और सिल्वेस्टर स्टेलोन को हॉलीवुड में व्यापार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विशेष दूत नियुक्त किया था। ट्रंप ने कहा कि उनका काम हॉलीवुड में बिजनेस वापस लाना है, क्योंकि पिछले चार वर्षों में इस उद्योग को विदेशी फिल्मों के कारण बहुत नुकसान हुआ है।

उन्होंने उस दौरान पोस्ट किया था, "वे मेरे लिए विशेष दूत के रूप में काम करेंगे ताकि हॉलीवुड, जो पिछले चार वर्षों में विदेशी फिल्मों के कारण बहुत सारा बिजनेस खो दिया है, उसको पहले से कहीं अधिक बेहतर और मजबूत बनाया जा सके।"

# आपको दोस्त रूस का पूरा समर्थन, पुतिन ने मोदी को फोन कर पाकिस्तान पर क्या कहा?

**रूस**

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बहुत जरूरी फोन कॉल आया है। ये फोन कॉल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का है। पीएम मोदी को रूस के दौरे पर जाना था। लेकिन वो दौरा कैंसिल होता है। उसके बाद राजनाथ सिंह के मॉस्के के विक्ट्री डे परेड में जाने की बात सामने आती है। लेकिन फिर खबर आती है कि राजनाथ सिंह का दौरा भी कैंसिल हो जाता है। इन सब के बीच रूस के विक्ट्री डे पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मौजूदगी रहने वाली है। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फोन उठाकर पीएम नरेंद्र मोदी को कॉल लगाया ये बताने के लिए भारत के साथ वो कितनी मजबूती के साथ खड़े हैं। भारत पाकिस्तान तनाव पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पूरी दुनिया में चर्चा का विषय है।



आतंकी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता जिस तरीके से सामने आई है। जिस तरीके से पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर भारत के खिलाफ जिहादी नेटवर्क चला रहे हैं। उसे लेकर भारत का गुस्सा है। पूरी दुनिया इस वक्त महसूस कर रही है कि भारत पाकिस्तान पर कोई बड़ी कार्रवाई कभी भी कर सकता है। उसे लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच फोन पर बातचीत हुई है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर- के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। फोन पर रूसी राष्ट्रपति ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। रूसी राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की।

# सीएमजी निर्मित उत्कृष्ट फिल्म और टीवी कार्यक्रम मास्को में लॉन्च

**बीजिंग। चीनी** राष्ट्रपति शी चिनफिंग जल्द ही रूस की राजकीय यात्रा पर जाएंगे और मास्को में आयोजित उस ऐतिहासिक समारोह में भाग लेंगे, जो महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध में सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण यात्रा की पूर्व संध्या पर चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) द्वारा निर्मित उत्कृष्ट फिल्म और टेलीविजन कार्यक्रमों की एक भव्य प्रदर्शनी हाल ही में रूस की राजधानी मास्को में शुरू हुई है।

इस प्रदर्शनी में "शी चिनफिंग की सांस्कृतिक आत्मीयता" और "डिकोडिंग चाइनाः मॉडर्नाइजेशन" सहित 10 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले कार्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें रूस के प्रमुख मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित किया जा रहा है। ये कार्यक्रम ऑल-रूस स्टेट टेलीविजन एंड ब्रॉडकास्टिंग कंपनी, "रूसी अखबार" की आधिकारिक वेबसाइट, ग्रेट एशिया टीवी, ब्रिक्स टीवी और वीके वीडियो जैसी लोकप्रिय रूसी मीडिया साइट्स पर उपलब्ध हैं।

यह प्रदर्शनी और प्रसारण गतिविधि सितंबर के अंत तक जारी रहेगी।

इस संबंध में आयोजित शुभारंभ समारोह में सीएमजी महानिदेशक शन हाइश्योंग, रूसी-चीनी मैत्री संघ की प्रथम उपाध्यक्ष एवं चीन के 'मैत्री पदक' की विजेता गैलिना कुलिकोवा ने वीडियो भाषण दिया।

इसके अलावा, रूस में चीनी दूतावास के सांस्कृतिक काउंसलर, 'रूसी अखबार' के प्रथम उप प्रधान संपादक, रूसी ब्रिक्स टीवी के अधिकारी आदि अतिथियों ने भाग लिया और भाषण दिया।

अपने वीडियो संबोधन में शन हाइश्योंग ने कहा कि इस वर्ष की शुरूआत से ही राष्ट्रपति शी चिनफिंग और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच दो रणनीतिक संवाद हो चुके हैं, जो यह दशार्ते हैं कि चीन और रूस न सिर्फ अच्छे पड़ोसी हैं, जिन्हें कोई अलग नहीं कर सकता, बल्कि सच्चे मित्र भी हैं, जो हर परिस्थिति में एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 को 'चीन-रूस सांस्कृतिक वर्ष' घोषित किया गया है और चाइना मीडिया ग्रुप और रूसी




मीडिया द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी दोनों देशों के नेताओं द्वारा तय की गई साझा सहमति को मूर्त रूप देने, आपसी सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करने और जन स्तर पर मैत्री को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

शन हाइश्योंग ने यह भी कहा कि सीएमजी द्वारा निर्मित कार्यक्रम रूसी दर्शकों को राष्ट्रपति शी चिनफिंग के व्यक्तित्व और दृष्टिकोण से परिचित कराएंगे। साथ ही, वे चीनी शैली के आधुनिकीकरण की गहराई से समझ, चीन की नई जीवन शक्ति और सांस्कृतिक विविधता के विशिष्ट आकर्षण का अनुभव भी करा सकेंगे।

वहीं, गैलिना कुलिकोवा ने कहा कि यह प्रदर्शनी 'चीन-रूस सांस्कृतिक वर्ष' की सबसे अहम गतिविधियों में से एक है। इससे रूसी जनता को न केवल चीन के समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को जानने का अवसर मिलेगा, बल्कि चीनी शैली के आधुनिकीकरण की प्रक्रियाओं को भी करीब से देखने और समझने का मौका मिलेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि भले ही मौजूदा अंतरराष्ट्रीय माहौल जटिल और चुनौतीपूर्ण हो, रूस-चीन संबंध लगातार मजबूत और स्थिर बने हुए हैं। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों देशों के नागरिकों के बीच आपसी समझ और मित्रता को और गहराई देगा।

समारोह में मौजूद रूसी मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी रूसी दर्शकों को चीन की एक अनोखी यात्रा पर ले जाएगी, जहां वे चीन की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों से रूबरू हो सकेंगे।

# शी चिनफिंग ने युवाओं से चीनी आधुनिकीकरण में योगदान देने का प्रोत्साहन किया

**बीजिंग। चीन** में युवा दिवस करीब आने के समय चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पश्चिमी चीन के शिनच्यांग के अथुशी शहर के हालाचुन कस्बे के श्येयीथ प्राइमरी स्कूल के स्वयंसेवक अध्यापकों को एक जवाबी पत्र भेजा और देश के व्यापक युवाओं को त्योहार की बधाई दी और आशा व्यक्त की।

शी चिनफिंग ने कहा कि आप लोग पार्टी की अपील के मुताबिक, पश्चिम के सुदूर सीमांत क्षेत्र में पढ़ाते हैं और स्थानीय शिक्षा कार्य विकास, जातियों की एकता व प्रगति बढ़ाने तथा सीमांत क्षेत्र की समृद्धि व मजबूती के लिए सकारात्मक भूमिका निभाते हैं। इसके साथ आप लोगों को खुद अवसर मिले और विकास भी हुआ।



शी ने बल दिया कि इधर कुछ साल अधिकाधिक युवा पश्चिम चीन के गांवों में जाकर स्वयंसेवा करते हैं और निस्वार्थ योगदान देते हैं, जो नए युग में चीनी युवाओं की उच्च भावनाओं और जवाबदेही दशार्ता है। उम्मीद है कि व्यापक युवा आदर्श व विश्वास मजबूत कर राष्ट्र और जनता के लिए जरूरी इलाकों में जाकर चीनी आधुनिकीकरण में योगदान देंगे।

श्येयीथ प्राइमरी स्कूल सीमा से सिर्फ 47 किलोमीटर दूर है। हाल ही में इस स्कूल के स्वयंसेवक अध्यापकों ने राष्ट्रपति शी को पत्र लिखकर अपने कार्य की स्थिति और अनुभव की रिपोर्ट की और पश्चिम में जड़ जमाकर सेवा करने का संकल्प व्यक्त किया।

# कैलिफोर्निया के गवर्नर ने चीन के साथ व्यापारिक संबंध बनाए रखने का ऐलान किया

**बीजिंग। जापानी** मीडिया निक्केई एशिया के साथ एक ऑनलाइन साक्षात्कार में अमेरिका के कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को राज्य के लिए 'भारी नुकसानदायक' बताते हुए स्पष्ट किया कि कैलिफोर्निया चीन सहित वैश्विक साझेदारों के लिए अपने व्यापारिक दरवाजे खुले रखने को प्रतिबद्ध है।

न्यूसम ने जोर देकर कहा कि कैलिफोर्निया चीन का 'स्थिर व्यापारिक साझेदार' रहा है और वैश्विक व्यापार को 'जीरो-सम गेम' नहीं, बल्कि आपसी निर्भरता का माध्यम मानता है।

गवर्नर ने ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीतियों के व्यापक प्रभावों की ओर इशारा करते हुए बताया कि इससे न केवल एशिया के साथ व्यापार और सिलिकॉन वैली की प्रौद्योगिकी कंपनियों की आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हुईं, बल्कि पर्यटन, छोटे-बड़े व्यवसायों और राज्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को भी गहरा झटका लगा।



उन्होंने दावा किया कि इन नीतियों के कारण कैलिफोर्निया को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 'अरबों डॉलर' का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। अप्रैल में ट्रंप द्वारा 'पारस्परिक टैरिफ' की घोषणा के बाद न्यूसम ने विदेशी अर्थव्यवस्थाओं से कैलिफोर्निया पर प्रतिशोधात्मक कर न लगाने की अपील की थी। इस मुद्दे पर कैलिफोर्निया ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर करने वाला पहला अमेरिकी राज्य भी बना।

न्यूसम ने वाशिंगटन डीसी के साथ राजनीतिक और विचारधारात्मक मतभेदों को रेखांकित करते हुए कहा, "हम वाशिंगटन से 2,000 मील दूर हैं और हमारी सोच वहां बैठे लोगों से पूरी तरह अलग है।"

उन्होंने दावा किया कि कैलिफोर्निया "ट्रंप को सबसे अधिक खारिज करने वाला" राज्य है और उनके मूल्य वर्तमान व्हाइट हाउस की नीतियों से बिल्कुल भिन्न हैं।

आर्थिक ताकत के संदर्भ में न्यूसम ने 23 अप्रैल को जारी आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि 2024 में कैलिफोर्निया का नाममात्र जीडीपी जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यदि इसे एक स्वतंत्र 'अर्थव्यवस्था' माना जाए, तो यह अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद विश्व में चौथे स्थान पर होगा।

# चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग रूस की राजकीय यात्रा करेंगे

**बीजिंग। चीनी** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग 7 से 10 मई तक रूस की राजकीय यात्रा करेंगे और महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध में सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर मास्को में आयोजित समारोह में भाग लेंगे।




विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने संवाददाताओं को यात्रा की मुख्य व्यवस्थाओं और चीन-रूस संबंधों के विकास के लिए चीन की अपेक्षाओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में, शताब्दी भर से चले आ रहे परिवर्तन तेज हो रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था गहन समायोजन से गुजर रही है। ऐतिहासिक और रणनीतिक परिप्रेक्ष्य के आधार पर, राष्ट्रपति शी चिनफिंग और राष्ट्रपति पुतिन ने नए युग में चीन-रूस संबंधों को जटिल बाहरी वातावरण में मजबूती से आगे बढ़ाया है, जिससे स्थायी अच्छे पड़ोसी और मैत्री, व्यापक रणनीतिक समन्वय, आपसी लाभ और उभय जीत वाले सहयोग की विशिष्ट विशेषताएं प्रदर्शित हुई हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि रूस की इस राजकीय यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति शी चिनफिंग राष्ट्रपति पुतिन के साथ नई परिस्थितियों में चीन-रूस संबंधों के विकास और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय मुद्दों की एक श्रृंखला पर रणनीतिक संचार करेंगे। विश्वास है कि दोनों राष्ट्रपतियों द्वारा प्राप्त महत्वपूर्ण आम सहमति अवश्य ही चीन-रूस राजनीतिक आपसी विश्वास को और गहरा करेगी, रणनीतिक सहयोग के अर्थ को समृद्ध करेगी, विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा देगी, दोनों देशों की जनता को अधिक लाभ पहुंचाएगी और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को अधिक स्थिरता व सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध, सोवियत संघ के महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध और विश्व फासीवाद विरोधी युद्ध की विजय की 80वीं वर्षगांठ है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, एशिया और यूरोप में दो मुख्य युद्धक्षेत्रों के रूप में, चीन और रूस ने भारी बलिदान दिया और विश्व फासीवाद विरोधी युद्ध में विजय प्राप्त करने, अपने-अपने देश को संकट से बचाने, तथा मानव जाति के भविष्य और भाग्य को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण ऐतिहासिक योगदान दिया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# कोई मिलिट्री एक्शन किया तो...'लापता' पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर सामने आया

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने चेतावनी दी है कि पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत की ओर से किसी भी सैन्य दुस्साहस का त्वरित और कड़ा जवाब दिया जाएगा। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए नरसंहार के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई की योजना बना रहा है, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 लोगों, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, की हत्या कर दी थी। 1 मई को एक सैन्य अभ्यास के दौरान एक टैंक के ऊपर से सैनिकों को संबोधित करते हुए मुनीर ने कहा कि कोई अस्पष्टता नहीं होनी चाहिए। भारत द्वारा किसी भी सैन्य दुस्साहस का त्वरित, दृढ़ और कड़े जवाब के साथ जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कहा कि सेना का देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने का "दृढ़ संकल्प" है।


# बीएलए ने क्वेटा-कराची हाईवे को किया बंद

**क्वेटा। पाकिस्तान** के बलूच प्रांत में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के फतेह स्क्वॉड ने क्वेटा-कराची हाईवे को बंद कर दिया और वाहनों को रोककर तलाशी ली। इनमें यात्री वाहनें भी शामिल थी।

बीएलए के सदस्यों ने कलात के मोंगोचार बाजार में घुसकर कई सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। इनमें नेशनल डाटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी, न्यायिक परिसर और नेशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान जैसी इमारतें शामिल थी।

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, इन दफ्तरों को भारी नुकसान हुआ है। हमलावर इलाके से सुरक्षा बलों के पहुंचने से पहले फरार हो गए।

इस हमले की जिम्मेदारी बीएलए के फतेह स्क्वॉड ने ली है, जिन्होंने इसे "स्वतंत्रता के संघर्ष" के तहत अपनी कार्रवाई बताया।



सुरक्षा अधिकारियों ने इलाके में ऑपरेशन शुरू किया और नेशनल हाईवे (एन-25) पर यातायात को बहाल कर दिया गया।

इसी दौरान, मोंगोचार क्षेत्र में बीएलए आतंकियों ने एक पुलिस वाहन पर भी हमला किया, जिसमें जेल से कैदियों को क्वेटा लाया जा रहा था। आतंकियों ने कम से कम 10 कैदियों को छुड़ाया और पांच पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया।

बताया गया कि यह पुलिस वाहन गदानी जेल से कैदियों को क्वेटा और माच के केंद्रीय जेल में भेजने के लिए लाया जा रहा था। जब यह वाहन मोंगोचार इलाके में पहुंचा, तो आतंकियों ने हाईवे को ब्लॉक कर दिया और वाहन की तलाशी ली।

इस दौरान वे पुलिस वाहन से कैदियों को छुड़ा ले गए और पांच पुलिसकर्मियों को पकड़कर उनके हथियार भी साथ ले गए।

पुलिस अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो पुलिसकर्मी जो सादे कपड़ों में थे, वे सुरक्षित रहे।

राजनीतिक विश्लेषक कमरान यूसुफ ने कहा कि जिस तरह से आतंकियों ने हाईवे को ब्लॉक किया, वाहनों की तलाशी ली और सरकारी भवनों को आग के हवाले किया, यह संकेत देता है कि उनका उद्देश्य जेल से कैदियों को छुड़ाना था।

उन्होंने कहा, "आतंकी जानते थे कि कैदी कहीं न कहीं पुलिस वाहनों में होंगे और इसी रणनीति के तहत उन्होंने यह हमले किए।"

उन्होंने यह भी कहा कि यह घटना बलूचिस्तान में सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंताएं पैदा करती है और यह दिखाती है ।